cmyk

वर्ष : 18 अंक: 126 | ग्वालियर | शनिवार 07 जून 2025 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रु.

दैनिक चम्बल सुर्खी

मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित

उत्कृष्ट एवं सफल प्रकाशन के 37 वर्ष

निष्पक्ष एवं निर्भीक विचारों का प्रवक्ता




आज का तापमान
अधिकतम 39 डिग्री
न्यूनतम 29 डिग्री


## पीएम ने तिरंगा लहराकर चिनाब आर्च ब्रिज का उद्घाटन किया

# PAK ने इंसानियत और कश्मीरियत पर हमला किया हमने उस पर कयामत बरसा दी-पीएम मोदी

श्रीनगर ।(ए.)

पीएम मोदी ने शुक्रवार को पहलगाम हमले के बाद पहली बार जम्मू-कश्मीर का दौरा किया। उन्होंने यहां के रियासी जिले में चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च ब्रिज का तिरंगा दिखाकर उद्घाटन किया। इसके बाद अंजी ब्रिज और कटरा में कश्मीर की पहली ट्रेन कटरा-श्रीनगर वंदे भारत को हरी झंडी दिखाई। मोदी ने कटरा में 42 मिनट का भाषण दिया। इसमें आतंकवाद, पाकिस्तान और कश्मीर के टूरिज्म का जिक्र किया। पीएम ने कहा, दुर्भाग्य से हमारे पड़ोस का देश, मानवता का विरोधी, मेलजोल का विरोधी है। वह ऐसा देश है जो गरीब की रोजी-रोटी का भी विरोधी है। 22 अप्रैल को पहलगाम में जो हुआ, वह इसी का उदाहरण है। पाकिस्तान ने इंसानियत और कश्मीरियत पर हमला किया। हमने 6 मई को उस पर कयामत बरसा दी। चिनाब आर्च ब्रिज रियासी जिले में बक्कल और कौड़ी के बीच बना है। इसे 2003 में मंजूरी मिली थी। शुरुआती प्लान के मुताबिक इसे 2009 तक तैयार हो जाना था, लेकिन इसे पूरा होने में 22 साल लग गए। यह सवा किमी से ज्यादा लंबा है और नदी से ऊंचाई 359 मीटर है। यह पेरिस के एफिल टावर (330 मीटर) से 29 मीटर ऊंचा है। लागत 1486 करोड़ रुपए है।



### देश के पहले केबल स्टे अंजी ब्रिज का भी उद्घाटन

पीएम ने मोदी ने अंजी खड्ड पर बना भारत का पहला केबल स्टे रेल ब्रिज का भी उद्घाटन किया। यह पुल नदी तल से 331 मीटर की ऊंचाई पर बना है। 1086 फीट ऊंचा एक टावर इसे सहारा देने के लिए बनाया गया है, जो करीब 77 मंजिला बिल्डिंग जितना ऊंचा है।यह ब्रिज अंजी नदी पर बना है जो रियासी जिले के कटरा को बनिहाल से जोड़ता है। चिनाब ब्रिज से इसकी दूरी महज 7 किमी है। इस पुल की लंबाई 725.5 मीटर है। इसमें से 472.25 मीटर का हिस्सा केबल्स पर टिका हुआ है।

## सीएम अब्दुल्ला बोले- मोदी ही जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य बनाएंगे



श्रीनगर (ए.)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कटरा में कश्मीर की पहली ट्रेन वंदे भारत को हरी झंडी दिखाई। इस कार्यक्रम के दौरान जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा- मुझे विश्वास है कि जल्द ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों फिर से जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा मिलेगा।

रेल प्रोजेक्ट के बारे में उन्होंने कहा- मोदी साहब इस रेल के ख्वाब बहुत लोगों ने देखे। कश्मीर को बाकी मुल्क से साथ जोड़ने का ख्वाब अंग्रेजों ने भी देखा था, लेकिन वो पूरा नहीं कर पाए। आज जो काम अंग्रेज पूरा नहीं कर पाए, आपके हाथों पूरा हुआ। कश्मीर देश के बाकी हिस्सों से जुड़ गया।

उमर बोले- जम्मू-कश्मीर ञ्ज बना तो मेरा डिमोशन हो गया सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा- मुझे जम्मू-कश्मीर में कई रेलवे परियोजनाओं में प्रधानमंत्री के साथ जुड़ने का सौभाग्य मिला है। सबसे पहले, जब अनंतनाग रेलवे स्टेशन का उद्घाटन किया गया था। दूसरा, जब बनिहाल रेलवे सुरंग का उद्घाटन किया गया था। 2014 में जब कटरा रेलवे स्टेशन का उद्घाटन किया गया था, तब भी यही चार लोग (पीएम मोदी, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह) यहां मौजूद थे।

## मस्क की कंपनी स्टारलिंक को टेलीकॉम मिनिस्ट्री की मंजूरी: भारत में हाई स्पीड सैटेलाइट इंटरनेट देगी

नई दिल्ली (ए.)

इलॉन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स को स्टारलिंक सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस भारत में ऑपरेट करने के लिए टेलीकॉम डिपार्टमेंट का लाइसेंस मिल गया है। अब उसे सिर्फ इंडियन नेशनल स्पेस प्रमोशन एंड ऑथराइजेशन सेंटर यानी, IN-SPACe के अप्रूवल का इंतजार है। रॉयटर्स ने सूत्रों के हवाले से ये जानकारी दी है। स्टारलिंक तीसरी कंपनी है जिसे भारत में सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस ऑपरेट करने का लाइसेंस मिला है। इससे पहले वनवेब और रिलायंस जियो को मंजूरी मिली थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक स्टारलिंक भारत में 840 रुपए में महीनेभर अनलिमिटेड डेटा देगा। आधिकारिक तौर पर मस्क की कंपनी ने इसकी जानकारी नहीं दी है।

### 840 में महीनेभर अनलिमिटेड डेटा



### जून 2020 में सरकार ने IN-SPACe स्थापित किया था

डिपार्टमेंट ऑफ स्पेस ने जून 2020 में IN-SPACe को स्थापित किया था। यह स्पेस एक्टिविटीज में प्राइवेट सेक्टर की भागीदारी को रेगुलेट करने और उसे सुविधाजनक बनाने के लिए सिंगल-विंडो एजेंसी के रूप में काम करती है। IN-SPACe नॉन-गवर्नमेंटल एंटिटीज के लिए लाइसेंसिंग, इंफ्रास्ट्रक्चर शेयरिंग और स्पेस बेस्ड सर्विसेज को बढ़ावा देने का काम भी करती है।

## कर्नाटक सरकार का एक्शन, सिद्धरमैया के राजनीतिक सचिव हटाए गए; इंटेलीजेंस प्रमुख का ट्रांसफर

बेंगलुरु। (ए.)

बेंगलुरु में आरसीबी के जश्न के दौरान चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी। लापरवाही और कुप्रबंधन के आरोपों के बाद कर्नाटक सरकार बेंगलुरु पुलिस कमिश्नर, सेंट्रल डिवीजन के डीसीपी, एसीपी (वेस्ट) और लोकल इंस्पेक्टर को निलंबित कर दिया था। वहीं अब कर्नाटक सरकार ने मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के राजनीतिक सचिव गोविंदराजू को पद से हटा दिया। गोविंदराजू कांग्रेस के एमएलसी हैं और सिद्धरमैया के बेहद करीबी माने जाते हैं। हालांकि उन्हें पद से हटाए जाने की कोई वजह नहीं बताई गई है।



सूत्रों के मुताबिक, गोविंदराजू के दबाव के कारण ही सिद्धरमैया ने बधाई कार्यक्रम की अनुमित दी थी। बताया गया कि गुरुवार शाम को हुई कैबिनेट बैठक में मंत्रियों ने गोविंदराजू के खिलाफ काफी नाराजगी जताई थी। केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने गोविंदराजू को ही हादसे का जिम्मेदार ठहराया।कुमारस्वामी ने आरोप लगाया कि गोविंदराजू ने बेंगलुरु के पुलिस कमिश्नर को फोन करके जीत के जश्न को मनाने के लिए परमिशन देने का दबाव बनाया। जब कमिश्नर ने कहा कि दो कार्यक्रम होने से सिक्योरिटी की समस्या पैदा होगी और पुलिस रात भर भीड़ को कंट्रोल करके थकी हुई है।

## मोदी सरकार के 11 साल-BJP ने उपलब्धियां गिनाई

# मेडिकल कॉलेज दोगुने हुए, 17 करोड़ नौकरियां निकलीं; पीएम बोले-युवा विकसित भारत संकल्प के अहम भागीदार

नई दिल्ली (ए.)

मोदी सरकार के 11 साल 9 जून को पूरे हो रहे हैं। इससे पहले केंद्र सरकार ने ई-बुक जारी कर 11 सालों की उपलब्धियां गिनाई हैं। इसे विकसित भारत का अमृत काल सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल नाम दिया गया है। ई-बुक में अनुसार, मोदी सरकार में मेडिकल कॉलेजों की संख्या में दोगुनी हुई हैं। 2014 में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 387 थी, जो 2025 में बढ़कर 780 हो गईं। वहीं, MBBS सीटों की संख्या 51,348 से बढ़कर 2024 में 1.18 लाख हो गई हैं। मोदी सरकार ने पिछले 11 सालों में 17.1 करोड़ नई नौकरियां निकाली हैं। स्टार्टअप से 1.61 लाख युवाओं को नौकरी मिली है। स्किल इंडिया मिशन के तहत अब तक 2.27 करोड़ से अधिक युवाओं को ट्रेनिंग दी गई है।




## कोरोना केस 93 से 5364 हुए: 55 मौत, 24 घंटे में 500 नए मामले

### ओडिशा के स्कूलों में मास्क अनिवार्य

नई दिल्ली/ मुंबई/ (ए.)

देश में कोरोना वायरस के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, पिछले 20 दिन में केसों की संख्या में 58 गुना की बढ़ोतरी हुई है। 16 मई को देशभर में कोविड के 93 एक्टिव केस थे, जिनकी संख्या अब 5364 पहुंच गई है। कोरोना 29 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में फैल गया है। बीते 24 घंटे में 500 नए मामले सामने आए हैं। केरल में सबसे ज्यादा 1679 मामले हैं।



## गुजरात कांग्रेस के महासचिव राजेश सोनी गिरफ्तार

**अहमदाबाद ।( ए. )** ऑपरेशन सिंदूर पर विवादास्पद टिप्पणी करने के बाद गुजरात कांग्रेस महासचिव राजेश सोनी बुरी तरीके से फंसे हैं। उनके खिलाफ मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल, गुजरात कांग्रेस महासचिव राजेश सोनी पर ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कथित रूप से भ्रामक और मनोबल तोड़ने वाली सामग्री अपलोड करने का आरोप लगा। उनके खिलाफ बीएनएस की एक सख्त धारा के तहत मामला भी दर्ज किया गया।



## 'ऑपरेशन सिंदूर' में घायल बिहार का जवान शहीद

बक्सर। (ए.)



बिहार के बक्सर के रहने वाले जवान सुनील सिंह यादव (46) शहीद हो गए हैं। उधमपुर आर्मी अस्पताल में इलाज के दौरान गुरुवार शाम को उनका निधन हो गया। बक्सर के चौसा प्रखंड निवासी हवलदार सुनील सिंह यादव का पार्थिव शरीर आज यानी शुक्रवार शाम तक उनके पैतृक घर पहुंचेगा। सुनील सिंह ऑपरेशन सिंदूर के तहत कश्मीर के राजौरी में तैनात थे। 9 मई की रात पाकिस्तानी ड्रोन हमले में वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायल होने के बाद उनका प्राथमिक इलाज किया गया। लेकिन, हालत बिगड़ने के बाद 15 मई को एयर लिफ्ट कर उधमपुर सैन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड का मास्टरमाइंड अरेस्ट:जीशान को कनाडा पुलिस ने दबोचा



जालंधर (ए.)

NCP नेता बाबा सिद्दीकी हत्याकांड के मास्टरमाइंड जीशान अख्तर उर्फ जस्सी पुरेवाल को कनाडा की सरी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि गिरफ्तारी किस केस में हुई। 12 अक्टूबर 2024 की रात को बाबा सिद्दीकी की उनके बेटे जीशान सिद्दीकी के ऑफिस के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या की जिम्मेदारी गैंगस्टर लॉरेंस गैंग ने ली थी। गैंग ने दावा किया था कि बाबा सिद्दीकी बॉलीवुड स्टार सलमान खान के करीबियों में था। इसी वजह से उसे मारा। लॉरेंस गैंग की सलमान खान से पुरानी दुश्मनी है।

## गोरखपुर में सीएम योगी ने की समीक्षा बैठक, बोले- पर्व-त्योहारों पर नई परंपरा को मंजूरी नहीं

गोरखपुर।(ए.)

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बकरीद को लेकर प्रशासन और पुलिस की तैयारी की जानकारी लेने के साथ ही निर्देश दिया कि शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार को संपन्न कराया जाए। इसमें किसी किसी भी स्तर पर शिथिलता नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि बकरीद पर कुर्बानी पूर्व निर्धारित स्थलों पर ही होनी चाहिए और प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी पर रोक को सख्ती से लागू किया जाए। त्योहार पर साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था के साथ ही कुर्बानी के बाद अपशिष्ट निस्तारण की सुनियोजित व्यवस्था रहे। नमाज परंपरागत स्थलों पर ही हो। सड़क मार्ग अवरुद्ध कर नमाज की अनुमति न हो। उन्होंने कहा कि हर पर्व-त्योहार पर आस्था का सम्मान हो, लेकिन नई परंपरा की अनुमति नही मिलनी चाहिए।



दो दिवसीय दौरे पर गुरुवार की शाम गोरखपुर पहुंचे मुख्यमंत्री, मंदिर में अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने विकास कार्यों, कानून व्यवस्था, आगामी पर्व-त्योहार और प्रस्तावित आयोजनों की समीक्षा की और अफसरों को जरूरी निर्देश दिए।मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व योग दिवस (21 जून) के 11वें संस्करण को वृहद रूप में मनाने की व्यापक तैयारी अभी से शुरू कर दी जाए। जिले में मुख्य कार्यक्रम के लिए बड़े और बेहतरीन स्थल को जल्द से जल्द चिह्नित कर लिया जाए।

## माल्या का दावा-जेटली को बताकर जेनेवा गया था: भगोड़ा नहीं हूं, निष्पक्ष जांच हो तो वापसी को तैयार

नई दिल्ली

भगोड़े कारोबारी विजय माल्या ने दावा किया, देश छोड़ने से पहले वो तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली से मिले और उनसे कहा कि वो एक बैठक के लिए जेनेवा जा रहा हैं और वापस आएंगे। लेकिन उनका पासपोर्ट निरस्त कर दिया गया, जिसके कारण वो वापस नहीं आ पाए। माल्या ने खुद को चोर कहे जाने पर कहा कि मुझे भगोड़ा कह रहे हैं, लेकिन मैं भागा नहीं। मैं तय कार्यक्रम के तहत विदेश गया और वापस नहीं आया, क्योंकि मेरे पास सही वजहें थीं।

## श्रीकृष्ण बिहार कॉलोनी में तालाब पर बने रास्ते को दबंगों ने किया बंद, ग्रामीणों में आक्रोश

आगरा, ब्यूरो।

श्रीकृष्ण बिहार कॉलोनी, पिनाहट क्षेत्र में ग्रामीणों के खेतों तक पहुँचने वाले एकमात्र रास्ते को कुछ दबंगों द्वारा अवैध रूप से बंद कर दिए जाने से क्षेत्र में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि कॉलोनी के पीछे स्थित गाटा संख्या-1584 पर बना पुराना नाला, जिसे बंद कर प्लॉटिंग कर बेचा जा चुका है, वहीं से होकर खेतों तक जाने का रास्ता था।

ग्रामीणों का कहना है कि रास्ता बंद होने के कारण वे अपने ट्रैक्टर तक खेतों में नहीं ले जा पा रहे हैं जिससे फसल की बुआई और अन्य कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इसके चलते रामबाबू पुत्र हुकुम सिंह, दीपक जाटव पुत्र बाबूलाल, मुकेश, रूपसिंह जाटव, गौरव कुमार दीवाकर समेत कई लोगों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की मांग की है।



प्रार्थियों ने आरोप लगाया कि दबंग तत्वों ने स्थानीय प्रशासन की मदद से गड्ढे खुदवाकर आम रास्ता पूरी तरह बंद कर दिया है। ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से कई बार शिकायत की, परंतु कोई सुनवाई नहीं हुई। आरोप है कि जब ग्रामीणों ने दोबारा रास्ते से निकलने की कोशिश की, तो दबंगों ने उन्हें जान से मारने की धमकी तक दे डाली।

ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि गाटा संख्या-1584 पर बने पुराने नाले को पुनः खुलवाया जाए और रास्ता बहाल किया जाए जिससे किसान अपने खेतों तक निर्बाध पहुँच सके।

किसानों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ से अपील की है कि हम लोगों को जल्द से जल्द न्याय दिलाने की कृपा करें।

# नलो में टोटियां लगाये, लोगों को जल का अपव्यय रोकने के लिए जागरूक करें

## बंधाली में 40 हजार रूपये जलकर के रूप में संग्रहित, अन्य ग्रामों में भी ऑनरशिप लायें, कलेक्टर ने दिये बैठक में निर्देश




**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने कहा कि नलजल योजना के तहत दिये गये सभी कनेक्शनों में टोटियां लगाई जायें, लोगों को जल का अपव्यय रोकने के लिए जागरूक करें। ग्रीष्मकाल के दौरान पेयजल संबंधी शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल उसका निराकरण किया जायें। बिजली आदि की समस्या होने पर प्रशासन के संज्ञान में लाया जायें, जिससे तत्काल निराकरण किया जा सकें। वे आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जल जीवन मिशन अंतर्गत संचालित कार्य एवं पेयजल आपूर्ति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने कहा कि जिस प्रकार बंधाली ग्राम में एक ही दिन में 40 हजार रूपये जलकर की राशि संग्रहित की गई है, उसी अनुरूप अन्य ग्रामों में भी पेयजल योजना को लेकर ग्रामीणों के बीच ऑनरशिप विकसित की जायें। उन्होने कहा कि ऐसे पम्प अटेंडर जो योजनाओं का संचालन बेहतर तरीके से करते हुए नियमित जलकर जमा कर रहे है, उन्हें सम्मानित किया जायें। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने पीएचई अधिकारियों को निर्देश दिये कि शत प्रतिशत नल कनेक्शनों में टोटियां लगाने, जलकर समय पर जमा करने तथा पानी का अपव्यय रोकने के प्रति जन जागरूकता के लिए प्रत्येक विकासखण्ड में 5-5 बडी पंचायतों को चिन्हित किया जायें तथा वहां संचालित नलजल योजनाओं को मॉडल रूप में विकसित किया जायें। उन्होने कहा कि पेयजल की सतत् आपूर्ति पर निगरानी रखी जायें, लोगों की मांग और शिकायत के लिए स्थापित कन्ट्रोलरूम में प्राप्त शिकायतों का निराकरण तत्परता से सुनिश्चित किया जायें। पीएचई अधिकारियों ने जानकारी दी कि जल जीवन मिशन के तहत 315 में से 203 योजना चालू है, शेष प्रगतिरत 112 में से 40 में बोर के माध्यम से पानी सप्लाई शुरू कर दी गई है, शेष कार्य जून अंत तक पूर्ण करने का लक्ष्य है। बताया गया कि 6 हजार 314 हैंडपम्प भी है, जिनमें से 2196 में सिंगल फेस मोटर संचालित है। बैठक में एसडीएम श्री बीएस श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# मां तुझे प्रणाम : जबलपुर के 77 युवाओं ने किया कूनो पार्क का भ्रमण



**श्योपुर ब्यूरो।** मध्यप्रदेश शासन की मां तुझे प्रणाम योजनांतर्गत जबलपुर संभाग के 77 युवाओं द्वारा कूनो नेशनल पार्क का भ्रमण किया गया।

कूनो नेशनल पार्क में अहेरा गेट पहुंचने पर जिला खेल अधिकारी श्री अरूण सिंह एवं युवा समन्वयक श्री आशीष दुबे तथा विनोद नरवरिया द्वारा जबलपुर से आये दल का स्वागत किया गया तथा कूनो नेशनल पार्क का भ्रमण कराया गया। दल में 72 युवा सहित 5 युवा समन्वयक ऑफिशियल रूप से शामिल रहें। कूनो नेशनल पार्क के भ्रमण उपरांत जबलपुर से आये युवाओं के दल द्वारा श्योपुर में विश्राम करते हुए दूसरे दिन प्रातकाल में वीर सावरकर स्टेडियम एवं आधुनिक व्यायाम शाला का भ्रमण किया गया। साथ ही बायपास पार्क पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग अंतर्गत जुडो कराते प्रशिक्षण का अवलोकन भी किया। दल प्रभारी के रूप में युवा समन्वयक श्री अनुराग चौबे, श्री मनीष यादव, श्री दुर्गेश पटेल जबलपुर, श्री शशांक मिश्रा युवा समन्वयक मण्डला, श्री ओम शिवे युवा समन्वयक सिवनी, श्री अमरीश गुर्जर युवा समन्वयक ग्वालियर सम्मिलित हुए।

# टीबी रोगियों को फूड बॉस्केट का वितरण अभियान चलाकर करें-डीएम

## एमएलसी प्रकरणों की प्रतिदिन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश, कलेक्टर ने की स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा




**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने कहा है कि टीबी उन्नमूलन के तहत टीबी रोगियों को फूड बॉस्केट का वितरण नियमित रूप से किया जायें, इसके लिए अभियान चलाकर सक्षम लोगों से सहभागिता कराई जायें। इसके साथ ही उन्होंने एमएलसी प्रकरणों की प्रतिदिन की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दियें। वे आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा कर रहे थे।कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत शून्य से 18 वर्ष तक की आयुवर्ग के बच्चों एवं किशोरो को उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न कैम्पों के माध्यम से चिन्हित 123 बच्चों के उपचार हेतु जिला चिकित्सालय में फॉलोअप कैम्प लगाया जायें। उन्होने निर्देश दिये कि गर्भवती महिलाओं का एएनसी रजिस्ट्रेशन अनमोल पोर्टल पर सही तरीके से दर्ज किया जाये। अनमोल पोर्टल पर सही जानकारी फीड न करने से जननी सुरक्षा योजना एवं प्रसुती सहायता योजना में लाभ मिलने में विलम्ब होता है। न्यू अनमोल पोर्टल 2.0 पर डिलेवरी अपडेशन की स्थिति बेहतर है, शत प्रतिशत हितग्राहियों को योजना के तहत लाभान्वित किया जायें।

इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं की एनीमिक जांच नियमित रूप से की जाये तथा आयरन टेबलेट के साथ ही आयरन शुक्रोज लगाया जाये। नियमित रूप से फॉलोअप किया जाये तथा सुमन हेल्पडेस्क के माध्यम से हाइरिस्क गर्भवती महिलाओं का फॉलोअप किया जाये। हाइरिस्क गर्भवती महिलाओं को वर्थ वेटिंग कक्ष में रखकर उचित देखभाल की जाये। उन्होने निर्देश दिये कि एसएचजी से जुडी सभी महिलाओं का हीमोग्लोबिन टेस्ट कराया जायें एवं आवश्यकतानुसार हीमोग्लोबिन बढाने उपचार सुनिश्चित किया जायें। इसके साथ ही उन्होने 108 एम्बुलेंस सेवा तथा पीएम जनमन के तहत प्राप्त मोबाइल मेडिकल यूनिट वैन की सुविधाओं के अवलोकन हेतु प्रस्तुत किया जायें। इस अवसर पर दस्तक अभियान, एनसीडी, आरबीएसके, क्षय रोग नियंत्रण, कुष्ठ उन्मुलन, मलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम, टीकाकरण आदि कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। बैठक में सीएमएचओ डॉ दिलीप सिकरवार सहित स्वास्थ्य अधिकारी एवं कार्यक्रम के प्रभारी उपस्थित थे।

# सुबकरा में 60 बीघा भूमि से हटाया अतिक्रमण



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा दिये गये निर्देशो के क्रम में तहसीलदार बडौदा श्रीमती मनीषा मिश्रा द्वारा आदिवासी विकासखण्ड कराहल के ग्राम सुबकरा में मौके पर पहुंचकर 12.69 हेक्टयर लगभग 60 बीघा भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई है। तहसीलदार श्रीमती मनीषा मिश्रा ने जानकारी दी कि कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार राजस्व अमले के साथ मौके पर पहुंचकर उक्त शासकीय भूमि से अवैध कब्जा हटाने की कार्यवाही करते हुए उक्त भूमि को तात्कालिक रूप से पंचायत सचिव सुबकरा को सुपुर्द कियाा गया है, जिससे अतिक्रमणकारी फिर से भूमि पर कब्जा न कर सकें। उन्होने बताया कि उक्त मामले सुबकरा पंचायत के ग्रामीणों द्वारा पिछले दिनों कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौपा गया था कि उक्त शासकीय भूमि पर कुछ लोगों द्वारा कब्जा किया जा रहा है, वर्तमान में कब्जे को पूरी तरह से हटा दिया गया है।

# किसानों को बताया प्राकृतिक खेती का महत्व, नरवाई के उचित प्रबंधन की दी सलाह

## विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत किसानों को किया प्रोत्साहित



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में श्योपुर जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत गठित टीमों द्वारा किसानों को गांव-गांव जाकर खेती, किसानी की उन्नत तकनीको एवं नवाचारों के साथ ही जैविक एवं प्राकृतिक खेती के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। साथ ही नरवाई के उचित प्रबंधन हेतु जागरूक किया जा रहा है। कृषि वैज्ञानिक डॉ कायम सिंह ने बताया कि इसी क्रम में निर्धारित कार्यक्रम अनुसार कृषि विज्ञान केन्द्र बड़ौदा के वैज्ञानिको सहित कृषि, पशुपालन, मत्स्य, उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों तथा प्रगतिशील कृषको, एफपीओ के प्रतिनिधियों की टीम द्वारा विकासखण्ड श्योपुर के ग्राम कनापुर, किशोरपुरा, कुण्डहवेली में पहुंचकर 330 किसानों के मध्य मध्यप्रदेश शासन के द्वारा चलाई जा रही किसान हितेषी योजनाओं एवं कृषि की उन्नत तकनीकी को विस्तार से समझाया गया। साथ ही कीटनाशक एवं अन्य स्प्रे के छिडकाव के लिए ड्रोन के माध्यम से स्प्रे का प्रदर्शन किया गया। विकासखण्ड कराहल के दल द्वारा ग्राम अगरा, बमौरी एवं लहरौनी में पहुंचकर 471 किसानों को जानकारी प्रदान की गई। इसी प्रकार विकासखण्ड विजयपुर के दल द्वारा ग्राम कीजरी, सिद्धपुरा एवं सेवला ग्रामों के मध्य पहुंचकर 390 किसानों को योजनाओं के संबंध में अवगत कराया गया और खरीफ फसल की विभिन्न किस्मो सहित फसलो के विविधिकरण एवं रासायनिक खाद के संतुलित उपयोग की जानकारी देते हुए प्राकृतिक खेती के लिए प्रोत्साहित किया गया। इसके साथ ही किसानों को मिट्टी परीक्षण एवं उसके महत्व, नरवाई न जलानें एवं उससे होने वाले नुकसान को विस्तार से समझाया गया, वही फसलों की उन्नत तकनीकी के माध्यम से ज्वार, बाजरा, मक्का, तिल जैसी फसलों के उत्पादन की सलाह दी गई।

**शनिवार को इन ग्रामों में पहुंचेगी टीमें**

श्योपुर विकासखण्ड की टीम द्वारा 07 जून को ग्राम ननावद, पटपरा एवं कालूखेडली में भ्रमण कर जानकारी प्रदान की जायेगी। विकासखण्ड कराहल की टीम 07 जून को आमेठ, बदरेठा एवं चांदपुर का भ्रमण करेंगी। इसी प्रकार विजयपुर विकासखण्ड की टीम विनेगा, सहसराम एवं बुढेरा में किसानों को खेती की नवीन तकनीकी तथा उन्नत फसलों के संबंध में अवगत करायेगी।

# वाइल्ड लाइफ एरिया में 13 स्थानों पर अंडर पास का प्रस्ताव

## मेडिकल कॉलेज रोड को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश-डीएम

## ब्रिज, एनएच, एमपीआरडीसी, पीएमजीएसवाय विभागों की बैठक आयोजित




**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने निर्देश दिये कि गोरस से श्योपुर एवं श्यामपुर से सबलगढ के बीच वाइल्डलाइफ एरिया में नेशनल हाईवे-552 के निर्माण से संबंधित एनओसी के लिए विभाग के माध्यम से लाईजनिंग की जायें तथा जिला प्रशासन के माध्यम से भी पत्र भेजा जायें। इसके साथ ही उन्होने कहा कि वाइल्डलाइफ एरिया के अलावा अन्य क्षेत्र में सडक निर्माण का कार्य तेजी से शुरू कराया जायें। वे आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित विभिन्न निर्माण विभागों के अधिकारियों को समीक्षा बैठक के दौरान निर्देशित कर रहे थे। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने निर्देश दिये कि गोरस से श्यामपुर मार्ग में 32.7 किलोमीटर एरिया कूनो वाइल्डलाइफ का शामिल है। इस एरिये से एनएच रोड निर्माण के लिए बनाई गई डीपीआर में 13 स्थानों पर अंडरपास बनाये जाने का प्रावधान किया है, विभागीय अधिकारी वाइल्डलाइफ विभाग से समन्वय कर उनके अनुसार अंडरपास एवं फ्लाईओवर में बदलाव करते हुए प्रस्ताव में संशोधन करायें। इसी प्रकार श्यामपुर से सबलगढ तक लगभग 55 किलोमीटर के एनएच रोड में श्योपुर जिले का एरिया 15 किलोमीटर है, जिसमें से 9 किलोमीटर के वाइल्डलाइफ एरिये में कोरिडोर बनाया जायेगा। उन्होने कहा कि विभागीय अधिकारी वरिष्ठ स्तर से वाइल्डलाइफ डिपार्टमेंट से समन्वय करते हुए एनओसी प्राप्त करने की कार्यवाही करें तथा आवश्यकतानुसार जिला प्रशासन के माध्यम से भी पत्राचार किया जायें। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को निर्देश दिये कि 5 किलोमीटर लम्बाई के मेडिकल कॉलेज रोड को जुलाई माह तक पूर्ण किया जायें। उन्होने कहा कि विधुत विभाग के माध्यम से खम्बो की शिफ्टिंग कराई जाये। इसी प्रकार ब्रिज कॉर्पोरेशन के अधिकारियों को मेडिकल कॉलेज पुल का कार्य तेज गति से करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि वर्षाकाल के पूर्व नदी के जल भराव क्षेत्र में बनने वाले 5 स्पॉन का कार्य कर लिया जायें, जिससे वर्षाकाल में अन्य कार्य किये जा सके। इसके साथ ही उन्होने मानपुर एवं नागदा रोड पुल को भी शीघ्रता से पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को निर्देश दिये कि श्योपुर-मूंडला-हिरनीखेडा मार्ग 27 किलोमीटर लम्बाई में पूर्ण किया गया है, शेष 1.8 किलोमीटर सडक निर्माण का कार्य जून अंत तक पूर्ण किया जायें। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिये कि एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना अंतर्गत भवन विहिन आंगनबाडी केन्द्रों के भवन निर्माण हेतु प्रस्ताव शासन को भेजे जायें। इस अवसर पर पीएमजीएसवाय अधिकारियों ने जानकारी दी कि पीएम जनमन योजना के तहत 60 नवीन सडको के प्रस्ताव ओर भेजे गये है।

# 9 में से 5 ओएचटी का कार्य पूरा, रिस्टोरेशन का कार्य तत्काल किया जायें

## श्योपुर-बडौदा जलावर्धन योजना की समीक्षा

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने श्योपुर-बडौदा जलावर्धन योजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि डिस्ट्रीब्यूशन पाइपलाइन बिछाते समय रि-स्टोरेशन भी तत्काल किया जायें, उन्होने कहा कि पाइपलाइन डालने के बाद तत्काल उसमें मिट्टी आदि से भरा जाये तथा टेस्टिंग का कार्य शीघ्रता से करते हुए सडक का रि-स्टोरेशन किया जायें। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा में एमपीयूडीसी के अधिकारियों को निर्देश दिये कि योजना के तहत कुल 13 ओवरहेड टेंक की आवश्यकता थी, जिसके अनुरूप 9 नये ओएचटी बनाये जाने थे, इनमें से 5 का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, शेष 4 पेयजल टंकियों का कार्य भी शीघ्रता से पूर्ण किया जायें। उन्होने कहा कि नगरीय क्षेत्र में पाइपलाइन बिछाने का कार्य तेजी से किया जायें, आवागमन में कोई बाधा न आयें, साथ ही क्षेत्रीय नागरिकों को परेशानी न हों, इसका ध्यान रखा जायें। एमपीयूडीसी के अधिकारियों ने बताया कि बडौदिया बिंदी में इंटेकवैल बनाने का कार्य शुरू हो गया है तथा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का कार्य भी जारी है, क्लीयर वाटर राईजिंग पाइप बिछाने का कार्य भी 50 प्रतिशत से अधिक पूर्ण हो गया है।

# मलेरिया जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**शिवपुरी ब्यूरो।** मलेरिया डेंगू के बढ़ते मामलों को देखते हुए जिला स्वास्थ समिति एवं फैमिली हेल्थ इंडिया एंबेड परियोजना के सहयोग से मलेरिया जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रथ क्षेत्र में मलेरिया से बचाव के उपायों और लक्षणों के प्रति लोगों को जागरूक करेगा, जिससे इस जानलेवा बीमारी पर अंकुश लगाया जा सके। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय ऋषिश्वर एवं जिला मलेरिया अधिकारी डॉ लालजू शाक्य के निर्देशन में जिला क्षय अधिकारी डॉ अलका त्रिवेदी एवं टीकाकरण अधिकारी अनिता पाल ने रथ को हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा, मलेरिया एक गंभीर बीमारी है, लेकिन सही जानकारी और बचाव के उपायों से इसे रोका जा सकता है। यह जागरूकता रथ घर-घर तक पहुंचकर लोगों को शिक्षित करने का काम करेगा और हम सभी को मिलकर इस बीमारी को हराना है। फैमिली हेल्थ इंडिया एंबेड परियोजना के कार्यक्रम समन्वयक विवेक झा एवं नरेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि इस रथ का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में मलेरिया के लक्षणों, बचाव के तरीके जैसे मच्छरदानी का उपयोग, पानी जमा न होने देना और शीघ्र उपचार के महत्व के बारे में जानकारी देना है और इसका लक्ष्य अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचना है। यह रथ विभिन्न गांवों और मोहल्लों में घूम-घूमकर नुक्कड़ नाटक, लघु फिल्म प्रदर्शन, पर्चे वितरण और स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करेगा। स्वास्थ्यकर्मी लोगों को मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के लिए स्वच्छता बनाए रखने और अपने आसपास पानी जमा न होने देने के बारे में भी जानकारी देंगे। इस अवसर पर एंबेड परियोजना एवं स्वास्थ विभाग की मलेरिया टीम, सदस्य उपस्थित रहे।

# आपदा प्रबंधन की बैठक 11 जून को

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन की बैठक 11 जून को दोपहर 1.30 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई है। बैठक में पुलिस अधीक्षक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहेगे। एसएलआर श्री मुन्ना सिंह गुर्जर ने बताया कि वर्षाकाल के पूर्व जिला आपदा प्रबंधन की बैठक में विगत वर्षों में आई बाढ को दृष्टिगत रखते हुए तैयारियों की समीक्षा की जायेगी।

# कृषि विभाग द्वारा लिये गये धान बीज के सेंपल

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में आज गुणवत्ता नियंत्रण हेतु कृषि विभाग द्वारा बीज दुकानों से धान बीज के 08 सेंपल लिये गये। उप संचालक कृषि श्री जीके पचौरिया ने बताया कि विक्रेता फर्म किसान सेवा केन्द्र बडौदा रोड श्योपुर, महादेव ट्रेडिंग कंपनी बडौदा रोड श्योंपुर, लक्ष्मी कृषि सेवा केन्द्र बडौदा रोड श्योपुर एवं गणेश कृषि सेवा केन्द्र बडौदा रोड श्योपुर से सेंपल लेने की कार्यवाही की गई। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखण्ड श्योपुर श्री शरद रघुवंशी द्वारा लिये गये सेंपल परीक्षण हेतु प्रयोगशालाओं में भेजे जा रहे है, सेम्पल के विश्लेषण परिणाम प्राप्त होने पर आगामी कार्यवाही की जायेगी।



# कानून एवं शांति व्यवस्था के लिए कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा 7 जून को ईदुज्जुहा पर्व को शांति एवं सद्भावपूर्वक मनाये जाने के क्रम में कानून एवं व्यवस्था के दृष्टिगत कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किये गये है। जारी आदेश के अनुसार संबंधित एसडीएम अपने-अपने अनुभाग अंतर्गत प्रभारी रहेंगे तथा आवश्यकतानुसार अधीनस्थ की ड्यूटी लगा सकेंगे। इसके अलावा संपूर्ण शहर श्योपुर के लिए तहसीलदार श्री अर्जुन सिंह भदौरिया, वीरपुर के लिए प्रभारी तहसीलदार श्री नरेश रायपुरिया, कराहल के लिए तहसीलदार श्री केके शर्मा, विजयपुर के लिए तहसीलदार श्रीमती प्रेमलता पाल तथा बडौदा के लिए तहसीलदार श्रीमती मनीषा मिश्रा को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के रूप में जिम्मेदारी दी गई है। अपर कलेक्टर श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर संपूर्ण कानून व्यवस्था के प्रभारी रहेंगे।

# दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित खबर वाहरी व्यवस्था जिला चिकित्सालय के अन्दर घूमता नजर आया सांड़ के संबंध में वस्तुस्थिति प्रकाशित खबर है पुरानी वर्तमान से इसका कोई संबंध नही

**भिण्ड ब्यूरो।** सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय भिण्ड से प्राप्त जानकारी अनुसार 6 जून 2025 को दैनिक समाचार पत्र में खबर वाह री व्यवस्था जिला चिकित्सालय के अन्दर घूमता नजर आया सांड प्रकाशित हुई है। उक्त घटना के संबंध में सीसीटीवी कैमरों की सात दिवसीय रिकार्डिंग का निरीक्षण किया गया जिसमें इस प्रकार की घटना विगत सात दिवसों में घटित नही हुई है। उक्त घटना सितम्बर 2024 की है। इस संबंध में जिला चिकित्सालय प्रशासन द्वारा संज्ञान लेते हुए सुरक्षा एजेंसी, मेसर्स सेंगर सिक्योरिटी एण्ड लेबर सर्बिसेज प्रा.लि. ग्वालियर को कडी कार्यवाही हेतू पत्र प्रेषित किया गया था एजेंसी द्वारा सुरक्षा मे हुई चूक के संबंध में 4 सुरक्षा कर्मियों को तत्काल सेवा से प्रथक किया गया था। अतः जिला चिकित्सालय भिण्ड में कोई भी इस प्रकार की घटना नही हुई है। दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित खबर वाह री व्यवस्था जिला चिकित्सालय के अन्दर घूमता नजर आया सांड पुरानी है एवं वर्तमान से इसका कोई संबंध नही है। इसीलिय अस्पताल प्रशासन इस खबर का खंडन करता है।

# आई टी आई में प्रवेश हेतु एमपी ऑनलाईन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन अनिवार्य

**भिण्ड ब्यूरो।** प्राचार्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था भिण्ड ने बताया कि शासकीय आई टी आई में एनसीवीटी के पाठ्क्रमों में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी इंटरनेट के माध्यम से अपने स्तर से अथवा एमपी ऑनलाईन के अधिकृत सहायता केन्द्रों से अथवा एमपी ऑनलाईन के मध्यप्रदेश स्थित किसी भी कियोस्क shttps://mpiticounseling.co.in अथवा https://dsd.mp.gov.in के माध्यम से आवेदन कर सकते है। शासकीय आई टी आई में प्रवेश के लिए एमपी ऑनलाईन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। अतएव समस्त इच्छुक आवेदन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन/रजिस्ट्रेशन में त्रुटि सुधार एवं च्वाइस फिलिंग की कार्यवाही कर सकते है। प्रवेश संबंधी समस्त जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध हैं। रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 16 जून 2025 निर्धारित है।

# विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**धौलपुर ब्यूरो।** 33, 11 केवी सब-स्टेशन रीको पर मरम्मत व रख-रखाव का कार्य होने के कारण 8 जून को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियन्ता एचटीएम जयपुर डिस्कॉम धौलपुर ने बताया कि 11 केवी फीडर नम्बर 2 मयूरी, फीडर नम्बर 3 शरदा सेलवेंट, फीडर नम्बर 4 न्यू रीको, फीडर नम्बर 7 अमरनाथ मिल्क फूड, नीलकान्त पेपर मील, राम कॉस्टिरिंग, मैक्सो मेडीकल, मालोनी, फीडर नम्बर 10 प्रताप कोल्ड, फीडर नम्बर 5 मिडवे, फीडर नम्बर 6 प्रकाश कॉलेज एवं फीडर नम्बर 1 भगवान देवी फीडरों की 8 जून को प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

# राज्य आनंद संस्थान आनंद विभाग भिंड ने पर्यावरण दिवस मनाया



**भिण्ड ब्यूरो।** जिला समन्वय आनंद विभाग संजय पंकज ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है, प्रकृति हमें आनंद देती है, आनंद से रहना है तो प्रकृति का संरक्षण जरूरी मध्य प्रदेश राज्य आनंद संस्थान आनंद विभाग द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर गुरुवार को शासकीय एमजेएस महाविद्यालय में ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर के दौरान पर्यावरण संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न वक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण विषय पर अपने विचार रखे और प्लास्टिक के उपयोग नहीं करने का संकल्प लिया। जिला खो-खो संगठन के सचिव प्रमोद गुप्ता ने कहा प्रकृति हमें आनंद देती है, इसलिए आनंद से रहना है तो प्रकृति की रक्षा करनी होगी। नदी, पेड़-पौधे, जंगल जमीन और जानवर सब की रक्षा करना होगी। उन्होंने कहा कि हम कालिदास की तरह जिस डाल पर बैठे हैं उसे ही काट रहे हैं। हमें अपने पर्यावरण के संरक्षण के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करना होगा। राज्य आनंद संस्थान के आनंद सहयोगी नीरज मुजोरिया ने अपने घर के आसपास एक पौधा रोपने और प्लास्टिक थैली का उपयोग नहीं करने का संकल्प लेने की बात कही। इस मौके पर आनंद सहयोगी बादशाह सिंह गुर्जर, श्रीमती साधना तोमर, हिमांशु दिवाकर, प्रियंका बघेल, कीर्ति बघेल और कई अन्य छात्र और छात्राएं शामिल हुये।

# कलेक्टर, एसएसपी व निगम आयुक्त ने जीडीसीए अध्यक्ष के साथ व्यवस्थाओं को लेकर की चर्चा



**ग्वालियर।** ग्वालियर में एमपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन होगा। टूर्नामेंट के सभी मैच ग्वालियर में शंकरपुर स्थित श्रीमंत माधवराव सिंधिया क्रिकेट स्टेडियम में खेले जायेंगे। टूर्नामेंट की तैयारियां तेजी के साथ की जा रही हैं। इस बार एमपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता में पुरुषों के साथ-साथ महिला खिलाड़ियों की टीमें भी भाग लेंगीं। प्रतियोगिताओं की व्यवस्थाओं के लिये शुक्रवार की शाम कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने जीडीसीए के अध्यक्ष श्री प्रशांत मेहता की उपस्थिति में स्टेडियम का निरीक्षण किया एवं व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय सहित जीडीसीए के पदाधिकारी एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्रीमती चौहान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने ग्वालियर में आयोजित होने वाले एमपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट के संबंध में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही मैच के दौरान स्टेडियम परिसर में सुरक्षा व्यवस्था, फायर व्यवस्था, पेयजल एवं विद्युत की व्यवस्था के संबंध में विस्तार से चर्चा की। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने बैठक के दौरान कहा कि बाहर से आने वाले अतिथियों और खिलाड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध किए जाएं। पुलिस व्यवस्था के साथ-साथ निजी सुरक्षा एजेंसी के कर्मियों को भी सुरक्षा व्यवस्था में लगाया जाए। पार्किंग व्यवस्था को भी बेहतर बनाया जाए। इसके साथ ही मैच देखने आने वाले दर्शकों को सभी व्यवस्थाओं की जानकारी रहे, ऐसा प्रबंधन किया जाए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह ने कहा कि स्टेडियम के आस-पास एवं प्रवेश द्वारों पर भी सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए जायेंगे। मैच देखने आने वाले दर्शकों की वाहन पार्किंग व्यवस्था भी बेहतर हो, इस पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। बैठक में जीडीसीए के अध्यक्ष श्री प्रशांत मेहता ने ग्वालियर में आयोजित होने वाले एमपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट के संबंध में विस्तार से जानकारी दी और किए गए प्रबंधों के बारे में भी बताया।

# लोक लेखा समिति की बैठक आयोजित



**ग्वालियर।** लोक लेखा समिति की बैठक आज शुक्रवार को समिति के अध्यक्ष श्री अनिल सांखला की अध्यक्षता में नगर निगम, मुख्यालय में आयोजित की गई। बैठक में समिति के सदस्य श्रीमती गीता भूपेन्द्र सिंह कुशवाह, श्री महेन्द्र आर्य, श्री मनोज राजपूत, श्रीमती अनीता रामू कुशवाह एवं अपर आयुक्त वित्त श्रीमती रजनी शुक्ला एवं लेखा विभाग के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में अध्यक्ष श्री सांखला के निर्देश पर लेखा विभाग द्वारा 10 भुगतान की फाइलें अवलोकन के लिए प्रस्तुत की गईं। जिसमें निगम निधि, पार्षद निधि, जनकार्य से संबंधित थी। बैठक के दौरान समिति अध्यक्ष श्री सांखला ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई भी सदस्य अपने लेटर पैड के माध्यम से किसी भी भुगतान की फाइलें मंगा कर अवलोकन कर सकते हैं। अध्यक्ष श्री सांखला ने यह भी कहा किसी भी प्रकार की भुगतान संबंधित अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# बरसात के दौरान शहर में जलभराव न हो यह सुनिश्चित किया जाए

## निगम आयुक्त ने निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश, रूफ वाटर हार्वेस्टिंग के कार्य को प्राथमिकता दें रू निगम के सभी भवनों पर किया जाए कार्य



**ग्वालियर।** बरसात के दौरान शहर में जहाँ-जहाँ पर वर्षा का जल एकत्र होता है, उन स्थानों को चिन्हित कर समय रहते सुधार का कार्य किया जाए। बरसात के दौरान शहर में कहीं पर भी जल भराव न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने नगर निगम के निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए हैं। बाल भवन के सभागार में जनकार्य विभाग की समीक्षा बैठक में शहर में चल रहे निर्माण कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। इसके साथ ही स्वीकृत कार्यों की प्रगति के संबंध में भी समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में अपर आयुक्त श्री मुनीष सिकरवार, श्री विजय राज, अधीक्षण यंत्री जन कार्य श्री पारा, सिटी प्लानर श्री अजय पाल जादौन सहित जनकार्य विभाग के कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान कहा है कि निगम के जो भी कार्य संचालित हैं, उन्हें समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। इसके साथ ही स्वीकृत कार्य भी तत्परता से प्रारंभ हों। स्वीकृत कार्य प्रारंभ न होने की स्थिति में संबंधित विभागीय अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया जायेगा। ऐसे स्वीकृत कार्य जो प्रारंभ नहीं हो पाए हैं उनकी सूची भी संबंधित अधिकारी तत्परता से प्रस्तुत करें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि निगम में मौलिक निधि, निगम निधि से स्वीकृत कार्य, प्रारंभ कार्य एवं अप्रारंभ कार्यों की पृथक-पृथक सूची तैयार कर आगामी बैठक में प्रस्तुत की जाए। जिन प्रकरणों में ठेकेदारों द्वारा कार्य प्रारंभ नहीं किया जा रहा है, उनमें दंडात्मक कार्रवाई के लिये भी प्रकरण प्रस्तुत किए जाएं। नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने निर्देशित किया है कि चेतकपुरी के सड़क निर्माण का कार्य 30 जून तक हर हाल में पूर्ण करा लिया जाए। कायाकल्प योजना के तहत किए जा रहे कार्यों की भी निरंतर मॉनीटरिंग कर कार्य तेज गति से किए जाएं। उन्होंने वर्षा के जल को संग्रहित करने के लिये रूफ वाटर हार्वेस्टिंग के कार्य को प्राथमिकता दी जाए। निगम की सभी बिल्डिंगों में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य हो, यह संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करें। निगम आयुक्त ने यह भी निर्देशित किया है कि शहर के निजी भवनों का भी सर्वे कर सूची तैयार की जाए, जिनमें रेन वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य किया जा सकता है। इसके साथ ही निगम के माध्यम से रूफ वाटर हार्वेस्टिंग कार्य करने के लिये एजेंसी निर्धारण के लिये भी टेंडर की कार्रवाई की जाए ताकि आम नागरिक भी अगर अपने निवास पर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग करना चाहें तो निर्धारित एजेंसी के माध्यम से करा सकते हैं। निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने निगम की विभिन्न योजनाओं के लिये शासकीय भूमि आवंटन के जो प्रकरण प्रचलन में हैं, उनकी समीक्षा एवं भूमि प्राप्त करने के लिये आवश्यक कार्रवाई के लिये अपर आयुक्त द्वय को निर्देशित किया है कि वे नियमित समीक्षा कर संबंधित राजस्व अधिकारियों से समन्वय करें और निगम को विभिन्न योजनाओं के लिये भूमि की आवश्यकता है उसे आवंटित कराने का कार्य करें। निर्माण कार्यों की भी नियमित समीक्षा करने के निर्देश उन्होंने दिए हैं।

# बिजली कंपनी की भर्ती परीक्षा में प्रोविजनल सूची में चयनित आवेदकों के दस्तावेज सत्यापन 23 से 25 जून तक

## लाईन परिचारक की शारीरिक दक्षता परीक्षण 26 जून को

**भोपाल/ग्वालियर।** मध्यप्रदेश शासन ऊर्जा विभाग के अधीन 6 बिजली कंपनियों में विभिन्न खाली पदों की पूर्ति के लिये परीक्षा के परिणाम घोषित होने के बाद मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी भोपाल द्वारा तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी पदों के अंतर्गत कनिष्ठ अभियंता (विद्युत), कनिष्ठ अभियंता (सिविल), विधि सहायक, कार्यालय सहायक श्रेणी-तीन एवं लाइन परिचारक के पदों को भरने के लिए दस्तावेज सत्यापन हेतु प्रोविजनल सूची जारी कर दी गयी है। कंपनी द्वारा इन तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी पदों की पूर्ति के लिये कुल 546 सफल आवेदकों की प्रोविजनल सूची जारी कर दस्तावेज सत्यापन के लिये सूचना जारी की गई है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बताया है कि कंपनी द्वारा प्रोविजनल सूची में शॉर्टलिस्ट आवेदकों में कनिष्ठ अभियंता (विद्युत) के 63, कनिष्ठ अभियंता (सिविल) के 5, विधि सहायक के 21 एवं कार्यालय सहायक श्रेणी-तीन के 309 आवेदकों को 23 जून से 25 जून तक अलग-अलग तारीखों में दस्तावेज सत्यापन के साथ ही लाइन परिचारक के 148 आवेदकों को 26 जून को शारीरिक दक्षता परीक्षण के लिये व्यक्तिगत सूचना जारी की गई है। कंपनी द्वारा आवेदकों के दस्तावेज सत्यापन मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के गोविन्दपुरा मुख्यालय स्थित पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन ट्रेनिंग सेन्टर में किया जाएगा तथा लाइन परिचारक के दस्तावेज सत्यापन एवं शारीरिक दक्षता परीक्षण कंपनी के शिवपुरी, भोपाल, नर्मदापुरम एवं ग्वालियर स्थित महाप्रबंधक वृत्त कार्यालय में 26 जून को किये जायेंगे। प्रोविजनल सूची में दस्तावेज सत्यापन के लिये चयनित आवेदकों के नाम, सत्यापन तिथि एवं शारीरिक दक्षता परीक्षण की तिथि की जानकारी कंपनी की वेबसाइट portal.mpcz.in पर भी देखी जा सकती है।

# कस्तूरबा तिराहे से नेहरू पार्क होते हुए महाराज बाड़ा तक चलाया स्वच्छता अभियान



**ग्वालियर।** नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के अंतर्गत मेगा ड्राइव फॉर माइक्रो डस्ट क्लीनिंग प्रोग्राम के तहत कस्तूरबा तिराहे से नेहरू पार्क होते हुए महाराज बाड़ा तक अभियान चलाकर सडकों की साफ सफाई कराई गई तथा रैली निकालकर आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशन में नगर निगम ग्वालियर की सहयोगी संस्था म्यूज एवं डिवाइन द्वारा नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत कस्तूरबा तिराहे से नेहरू पार्क होते हुए महाराज बाड़ा तक माइक्रो डस्ट क्लीनिंग का कार्य किया गया एवं दुकानों पर जागरूकता के लिए पम्पलेट्स भी लगाए गए और समझाइश दी गई। इसमें डिवाइडर और फुटपाथ के आस पास की मिट्टी और कचरा साफ करवाया गया एवं रोड पर आमजनों को साफ सफाई रखने, डस्टबिन का उपयोग करने कचरा न जलाने की सलाह दी एवं वायु प्रदूषण के रोकथाम के उपायों के बारे में समझाया गया। अपना शहर अपनी धरोहर क्षेत्र में कार्य करते टीम द्वारा हुए स्वच्छता का संकल्प लिया गया।

# तकनीकी समिति ने की रॉयल इन होटल की लिफ्ट की जांच, किया बंद



**ग्वालियर।** होटल रॉयल इन में हुए लिफ्ट हादसे को लेकर आज शुक्रवार को नगर निगम की तकनीकी समिति द्वारा लिफ्ट की जांच की गई तथा लिफ्ट की स्थिति को देखते हुए लिफ्ट को सील्ड (बंद) किया गया। ज्ञात हो कि गत दिवस होटल रॉयल इन में लिफ्ट के टूटने की सूचना मिली थी, जिसको लेकर नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देश पर तकनीकी समिति द्वारा लिफ्ट की जांच की गई। निगम की तकनीकी समिति द्वारा जांच में पाया गया कि लिफ्ट मेनुअली जाम पायी गई। ऑवर लोड सेंसर कार्य नहीं कर रहा है, ब्रेक ड्रम चिपके हुए हैं, सपोर्ट पुली जाम पाई गए व्ही सेव के यू सेव बन गए हैं, एआरडी बैकअप कार्य नहीं कर रहा, कंक्रीट के कारण रोप टकराकर चल रहा था, एलायमेंट सही नहीं थे, रस्से पर ग्रीसिंग एवं सपोर्टिंग पुली पर ग्रीसिंग पाई गई, वफरवेस न होने से लिफ्ट में जर्क आया है, कारटोप पर सेफ्टी नहीं है, इसके साथ ही एएमसी एवं इंश्योरेंस के दस्तावेज प्राप्त नहीं हुए। जिसको लेकर समिति द्वारा मौके पर पंचनामा बनाकर लिफ्ट को बंद किया गया। जांच दल में नोडल अधिकारी लिफ्ट शाखा श्री शैलेन्द्र सक्सैना, इलेक्ट्रिक एक्सपर्ट श्रीमती अभिलाषा बघेल, फायर ऑफीसर श्री उमंग प्रधान, लिफ्ट कंसल्टेंट श्रीमती अंजना राजपूत, श्री मुनेष बघेल, क्षेत्राधिकारी श्री अजय श्रीवास्तव एवं जांच दल प्रभारी श्री धर्मेन्द्र भदौरिया के साथ ही श्री गौरव जैन उपस्थित रहे।

# शेरु क्लासिक में जोगेंद्र का स्वर्ण पदक।

**ग्वालियर।** 1जून से 03 जून के बीच प्रगति मैदान, नई दिल्ली मे आयोजित प्रतिष्ठित शेरु क्लासिक प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश की टीम में से एकमात्र स्वर्ण पदक जोगिंदर यादव ने जीत कर इतिहास रचा दिया। शेरू क्लासिक बॉडीबिल्डिंग आर्म रैसलिंग फिटनेस मॉडलिंग का भारत की सबसे बडी प्रतियोगिता है। जिसमें आर्म रेसलिंग के भारत में चार स्वर्ण पदक में से 70 किलोग्राम में जोगेंद्र यादव के द्वारा लिया गया। इस उपलब्धि पर ग्वालियर आर्म रेसलिंग वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ केशव पांडे सचिव आदित्य भदौरिया और कोषाध्यक्ष ठा. योगेंद्र व वर्ल्ड चैंपियन मनीष कुमार ने बधाई दी ।

# थाटीपुर क्षेत्र से हटाया अस्थाई अतिक्रमण, वसूला जुर्माना



**ग्वालियर।** शहर में सुगम यातायात के लिए नगर निगम के मदाखलत अमले द्वारा निरंतर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जा रही है। जिसके अंतर्गत शहर के सभी प्रमुख मार्केट एवं सडकों पर अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाया गया। मदाखलत निरीक्षक श्री विशाल जाटव ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशन तथा उपायुक्त श्री सत्यपाल सिंह चौहान एवं मदाखलत अधिकारी श्री केशव सिंह चौहान के दिये गए निर्देश पालन में पूर्व विधानसभा अंतर्गत थाटीपुर स्थित विवेकानंद चौराहा गैलेक्सी गार्डन के सामने नाले के ऊपर मटके एवं मिट्टी का सामान रख कर किया गया अतिक्रमण को हटवाया जाकर पुनः अतिक्रमण न किये जाने की सख्त हिदायत दी गई। साथ ही उक्त अतिक्रमणकारी पर 2000 रूपये का जुर्माना भी वसूला गया।

# महिला सशक्तिकरण, श्रीमती राधा सेन की मेहनत रंग लाई, परिवार में आई खुशहाली

## आजीविका मिशन बना सशक्तिकरण का माध्यम



**ग्वालियर।** सही दिशा में की गई मेहनत कभी भी विफल नहीं होती है। अपने और अपने परिवार की उन्नति के लिये सही दिशा में प्रयास किए जाएं तो परिवार में खुशहाली अवश्य आती है। इसका जीता-जागता उदाहरण विकासखंड भितरवार के ग्राम गोहिंदा निवासी श्रीमती राधा सेन हैं। श्रीमती राधा ने अपने परिवार की खुशहाली के लिये राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से न केवल एक बार बल्कि तीन बार समूह ऋष्ठा के रूप में राशि प्राप्त की और पहले बकरी पालन, भैंस पालन और उसके बाद सैलून का काम कर अपने जीवन में खुशहाली लाई। श्रीमती राधा सेन महिला सशक्तिकरण का एक सशक्त उदाहरण भी बनी हुई हैं। श्रीमती रेखा सेन बताती हैं कि मैं भूमि आजीविका स्व-सहायता समूह की सदस्य हूँ। मैंने समूह के माध्यम से पहले एक हजार रूपए बकरी पालन हेतु लिए, जिसको ब्याज सहित वापस कर पुनः 60 हजार रूपए भैंस पालन के लिये लिए। जिसके माध्यम से मुझे मासिक रूप से 6000 रूपए की आय हुई। इसके बाद अपने पति एवं परिवार के लिये सैलून की दुकान खोलने हेतु एक लाख रूपए की राशि ऋष्ठा पर प्राप्त की और गाँव में ही सैलून की दुकान का कार्य प्रारंभ किया। इस दुकान के माध्यम से परिवार को प्रतिमाह लगभग 6 हजार रूपए की आय प्राप्त होने लगी है। उक्त राशि से मेरे परिवार का जीवन-यापन हो रहा है। निरंतर और मेहनत से कार्य करने के कारण अधिक आय भी होने लगेगी। आजीविका मिशन के कारण मेरे जीवन में खुशहाली आई है। महिलाओं के स्वावलंबन के लिये आजीविका मिशन एक सार्थक कार्य कर रहा है।

**मधु सोलापुरकर, उप संचालक, ग्वालियर**

# जिला स्तरीय परामर्श दात्री समिति की बैठक सम्पन्न

## कलेक्टर श्रीमती चौहान ने विभिन्न कर्मचारी संघों के पदाधिकारियों से की चर्चा



**ग्वालियर।** अधिकारियों एवं कर्मचारियों के वाजिब क्लेम समय पर मिलें और उनकी विभागीय समस्याओं का निराकरण भी सकारात्मक रूप से हो, यह सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने जिला स्तरीय परामर्श दात्री समिति की बैठक में यह बात कही। कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में शुक्रवार को जिला स्तरीय परामर्श दात्री की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न कर्मचारी संगठनों द्वारा कर्मचारियों की समस्याओं और उनके हित के लिये दिए गए प्रतिवेदन पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मध्यप्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ, मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ग्वालियर, मध्यप्रदेश कर्मचारी कांग्रेस, मध्यप्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ, मध्यप्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ एवं मध्यप्रदेश कर्मचारी कांग्रेस संघ के पदाधिकारी एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने सभी कर्मचारी संघों द्वारा दिए गए प्रतिवेदन पर विस्तार से चर्चा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार वरिष्ठ अधिकारियों का गोपनीय प्रतिवेदन ऑनलाइन हो गया है। उसी प्रकार कर्मचारियों का गोपनीय प्रतिवेदन भी ऑनलाइन हो, ऐसा प्रयास किया जाए। इसके लिये एक मोबाइल एप भी तैयार कराया जाए। तकनीकी कर्मचारी अगर इस दिशा में सार्थक प्रयास करता है तो उसे हर संभव सहयोग दिया जायेगा। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका का सत्यापन भी समय पर हो, यह सुनिश्चित किया जाए। स्वास्थ्य विभाग एवं शिक्षा विभाग भी कर्मचारियों के अटैचमेंट के संबंध में उन्होंने विभागीय अधिकारियों को प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में विभिन्न कर्मचारी संघों द्वारा अपनी-अपनी समस्याओं और मांगों के संबंध में जानकारी प्रस्तुत की। जिसे सुनकर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# अनेक सडकों पर पेच रिपेयरिंग कर यातायात को किया सुगम



**ग्वालियर।** नगर निगम ग्वालियर द्वारा नागरिकों की सुविधा एवं सुगम यातायात के लिए अभियान चलाकर शहर की विभिन्न सड़कों पर पेंच रिपेयरिंग का कार्य किया जा रहा है। सहायक यंत्री श्री अमित गुप्ता ने बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार निगम के अमले द्वारा निरंतर सुगम यातायात एवं आम नागरिकों की सुविधा के लिए विभिन्न सड़कों पर पेच रिपेयरिंग का काम किया जा रहा है। जिसके तहत खेरिया मोदी, हुरावली में अंदर, हजीरा लाइन नम्बर-08, डीबी सिटी पेट्रोल पंप के बगल से सचिन तेंदुलकर मार्ग, मोतीझील नगर रोड, बरागांव, ढोलबुआ का पुल, महावीर भवन से ईदगाह कंपू तक, बजरंग गार्डन चंदन नगर, लक्कडखाना पान पत्ते की गोठ, गेंडे वाली सडक नहर पट्टा सरकारी मल्टी, अवाडपुरा मस्जिद के पास, गाडवे की गोठ आपागंज, लक्ष्मी नगर नारायण विहार, चेतकपुरी के अंदर, नेहरू पार्क मल्टीलेवल पार्किंग कम्पू, फालका बाजार मेन रोड पर, तिजुआपुरा बरा रोड सहित अन्य सड़कों पर पेच रिपेयरिंग कर यातायात को सुगम बनाया।

# जल प्रदाय पाइप लाइन बिछाने के बाद रोड रेस्ट्रोरेशन किए जाने के संबंध में संबंधित ठेकेदार को किया निर्देशित

**ग्वालियर।** जल प्रदाय लाइन बिछाने के बाद रोड रेस्ट्रोरेशन कराये जाने के संबंध में मैसर्स ऐश्वार्या कन्स्ट्रक्शन शासकीय ठेकेदार लक्ष्मी बाई कॉलोनी पड़ाव ग्वालियर को निर्देशित किया। सहायक यंत्री श्री केसी अग्रवाल ने बताया कि निरीक्षण के दौरान ज्ञात हुआ कि संबंधित ठेकेदार द्वारा शंकर कॉलोनी के क्षेत्र नवग्रह कॉलोनी, लोहड़ी माता, बेलदारपुरा के साथ-साथ अन्य क्षेत्र में जल प्रदाय पाइप लाइन बिछाने का कार्य लगभग 1500 मीटर पूर्ण किया जा चुका है। जिसमें से आपके द्वारा केवल नवग्रह कॉलोनी शीतला माता मंदिर, तथा भैरव जी एवं छोटू बोरिंग तथा सरपंच वाली गली में ही पाइप लाइन टेस्टिंग के उपरांत कुल 450 मीटर क्षेत्र में ही सी.सी. रोड निर्माण कार्य किया गया है। शेष क्षेत्र में शीघ्र अतिशीघ्र पाइप मिलान कार्य पूर्ण कर सी.सी. रोड निर्माण कार्य पूर्ण करें। जिससे वर्षाकाल में किसी भी प्रकार की विपरित परिस्थिति का सामना ना करना पड़े।

# जलालपुर पहाडिया से एक शराब तस्कर को पकड़कर पुलिस ने उससे हाथ भट्टी की बनी 05 लीटर अवैध शराब की जप्त

**ग्वालियर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री धर्मवीर सिंह(भापुसे) के निर्देश पर ग्वालियर पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थो, अवैध शराब की खरीद-फरोख्त करने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में अति0 पुलिस अधीक्षक शहर(पूर्व/यातायात/अपराध) श्री कृष्ण लालचंदानी,भापुसे द्वारा अपने अधीनस्थ समस्त थाना प्रभारियों को अवैध शराब तस्करों के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु निर्देषित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन में सीएसपी महाराजपुरा श्री नागेन्द्र सिंह सिकरवार के कुषल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पुरानी छावनी उनि0 क्षमा राजौरिया के द्वारा थाना बल की टीम को अवैध शराब का व्यापार करने वालों खिलाफकार्यवाही करने हेतु लगाया गया। दिनांक 05.06.2025 को पुलिस टीम को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति जलालपुर पहाडिया पर पेड़ के नीचे हाथ में शराब की कट्टी लिए शराब बेचने की नियत से खड़ा है। उक्त सूचना पर से पुलिस टीम द्वारा जलालपुर पहाडिया पर से मुखबिर के बताये हुलिया का एक व्यक्ति को पकड़ लिया गया। पूछताछ करने पर पकड़े गये व्यक्ति से स्वयं को सुन्दरलाल का मोहल्ला पुरानी छावनी जिला ग्वालियर का रहने वाला बताया। पकड़े गये व्यक्ति के हाथ से मिली प्लास्टिक की कट्टी को खोलकर चेक करने पर उसमें 05 लीटर हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब भरी हुई मिली। उक्त व्यक्ति का यह कृत्य धारा 49 (क) आबकारी एक्ट के तहत दण्डनीय पाये जाने से उसके पास से मिली 05 लीटर हाथ भट्टी की बनी शराब को विधिवत जप्त किया गया। पकड़े गये शराब तस्कर के खिलाफ थाना पुरानी छावनी में अप0क्र0-179/25 धारा 49 (क) आबकारी एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**जप्त मषरूका:-** हाथ भट्टी से बनी कच्ची शराब 05 लीटर।

**सराहनीय भूमिका:-** उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी पुरानी छावनी उनि0 क्षमा राजौरिया, प्र.आर0 मथुराप्रसाद, आर. रवि कुशवाह, आर. अनुवेन्द्र सिंह तोमर, आर. घनश्याम शर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

# सराफा बाजार डबरा में ज्वैलर्स शॉरूम से सोने के झुमके चोरी करने वाले दंपत्ति चोर को पुलिस ने चोरी के माल सहित किया गिरफ्तार

**ग्वालियर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री धर्मवीर सिंह,भापुसे के निर्देश पर ग्वालियर जिले में चोरी की घटनाओं की रोकथाम हेतु मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर चोरों व नकबजनों की धरपकड़ हेतु प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। उक्त निर्देषों के तारतम्य में अति. पुलिस अधीक्षक (देहात) श्री निरंजन शर्मा द्वारा अपने अधीनस्थ समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में चोरी की घटनाओं के आरोपियों की पतारसी कर माल मषरूका की बरामदगी कर चोरों को पकड़ने हेतु मुखबिर तंत्र विकसित करने के निर्देष दिये गये। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देषों के परिपालन में एसडीओपी डबरा श्री जितेन्द्र नगाइच के कुशल मार्गदर्षन में थाना प्रभारी डबरा शहर निरीक्षक यशवंत गोयल के द्वारा थाना बल की टीम को दिनांक 30.05.2025 को सराफा बाजार डबरा में ज्वैलर्स शॉरूम पर हुई चोरी का खुलासा कर आरोपियों को पकड़ने हेतु लगाया गया। दौराने विवचेना पुलिस टीम द्वारा ज्वैलर्स शॉरूम पर एवं आसपास लगे सीसीटीव्ही कैमरों को चेक किया गया तथा सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर संदेहियों को चिन्हित कर उनकी पतारसी हेतु मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया। आज दिनांक 06.06.2025 को पुलिस टीम द्वारा मुखबिर सूचना पर से स्टेडियम ग्राउंड डबरा के पास से उक्त प्रकरण में संदेही एक पुरूष व महिला को हिरासत में लिया गया। पकड़े गये दोनों संदेहियों से नाम पता पूछने पर उन्होने स्वयं को ग्राम मिहाबरा थाना सीहोर जिला शिवपुरी का रहने वाला बताया। पकड़े गये दोनों संदेहियों से उक्त चोरी के संबंध में गहनता से पूछताछ की गई तो उनके द्वारा उक्त चोरी करना स्वीकार किया। पकड़े गये दोनों आरोपियों के पास से ज्वैलर्स शॉरूम से चोरी किये एक जोड़ी सोने के झुमके जप्त किये गये। उक्त दोनों आरोपी दंपत्ति को थाना डबरा शहर के अपराध सदर में विधिवत गिरफ्तार किया गया। ज्ञात हो कि दिनांक 30.05.2025 को सराफा बाजार डबरा में प्रेमनारायण बालकिशन सोनी के ज्वैलर्स शॉरूम पर एक पुरुष व दो महिला सोने चांदी की खरीददारी करने के लिये आई थी और एक महिला द्वारा बडी ही चालाकी से सबका ध्यान भटका दिया एवं एक जोडी सोने के झुमके चोरी कर ले गई थी। फरियादी की षिकायत पर से थाना डबरा शहर में उक्त आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

**बरामद मषरूका:-** एक जोड़ी सोने के झुमके कुल कीमती लगभग 98 हजार रुपये।

**सराहनीय भूमिका:-** थाना प्रभारी डबरा शहर निरीक्षक यशवंत गोयल, प्र.आर0 रामवरन सिंह लोधी, आर. सत्यम सिंह, आर. ललित शर्मा, आर. प्रवेश चौरसिया, आर. धीरेन्द्र शर्मा, आर. चन्द्रभान सिंह, मआर. जया कुशवाह की सराहनीय भूमिका रही।

# संपादकीय

## भारी बारिश भूस्खलन से जुझते पूर्वोत्तर

सिक्किम के छातेन के सैन्य शिविर के भूस्खलन की चपेट में आने से तीन सैनिकों की मौत हो गई और छह सुरक्षाकर्मी लापता हैं। मंगन जिले के लाचेन नगर में लगातार हो रही भारी बारिश के चलते यह भूस्खलन हुआ। आधिकारिक बयानों के अनुसार तीनों के शव बरामद लिये गए हैं, जबकि मामूली रूप से चुटहिलों का इलाज जारी है। उधर मणिपुर में नदियों के उफान पर होने व तटबंधों के टूटने से उन्नीस हजार से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। चार दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश के कारण आई बाढ़ से तीन हजार से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए व बाइस लोगों के लापता होने की खबरें हैं। सात हजार प्रभावित लोगों को राहत शिविरों में पहुंचाया गया है। बरसात ने बीते 132 सालों का रिकॉर्ड तोड़ा है, जिसके कारण बाढ़, जल-भराव, घर ढहने/ बहने और भुस्खलन के कारण हालात बहुत बिगड़ चुके हैं। ब्रह्मपुत्र व बराक समेत दस से ज्यादा नदियां उफान पर हैं। सिक्किम, असम, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश समेत पूर्वोत्तर बाढ में प्रतिवर्ष की तरह डूब रहा है। सिक्किम के लाचेन व लाचुंग में फंसे हजार से ज्यादा पर्यटकों को सेना व प्रशासन ने हेलीकॉप्टर व बाहनों की मदद से सुरक्षित गंगटोक पहुंचाया। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है, अगले कुछ दिनों तक वहां भारी बारसात हो सकती है। स्कूल-कॉलेज बंद हैं और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की हिदायत दी जा रही है। पूर्वोत्तर के अधिकतर राज्य पर्यावरण व जलवायु के नजरिए से संवेदनशील स्थानों में आते हैं। जहां के रहवासियों को भारी बरसात के चलते घरों के ढहने, सड़के बह जाने व भुस्खलन से जूझना पड़ता है, जिससे जान-माल का भारी नुकसान होता है। देश का 73त्न क्षेत्र बाढ़ग्रस्त इलाके में आने के बावजूद सरकारी लापरवाही का नतीजा है कि हम आजतक सुरक्षित नहीं हैं। निचले पायदान पर खड़ी जनता की बुनियादी जरूरियात को पूरा करने में कमर टूट जाती है। बुनियादी ढांचा और सुरक्षित जीवन की गारंटी देने में सरकारें बुरी तरह असफल साबित हैं। प्राकृतिक आपदाओं के विपरीत प्रतिवर्ष बाढ़ से जूझने के पुख्ता इंतजाम होने चाहिए। बाढ़ से जूझने के नाम पर राज्यों को दी जाने वाली राहत राशि को बेसिक स्ट्रक्चर पर लगाने जैसे कदम उठाकर दीर्घकालिक सुविधाओं की व्यवस्था की जानी चाहिए। बाढ़, बारिश, लू-धूप या ठंड से जनता के मरने का मतलब है, उनके जीवन के प्रति देश तनिक जवाबदेह नहीं है।

## सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना समिट में मिलेंगे निवेश के व्यापक अवसर

क्रांतिदीप अलूने



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सौर ऊर्जीकरण अंतर्गत वर्ष 2030 तक 500 गीगावॉट के लक्ष्य को हासिल करने संबंधी स्वप्न को साकार करने में अपना योगदान देने के लिये मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश में निरंतर सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिये एक के बाद एक संयंत्र लगाये जा रहे हैं। इनसे प्रदेश की ऊर्जा उत्पादन क्षमता में सौर ऊर्जा की भागीदारी निरंतर बढ़ती जा रही है। कृषकों की ऊर्जा आवश्यकताओं, मुख्य रूप से सिंचाई आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए, उनके करीब सौर ऊर्जा का उत्पादन कर, आय के अवसर उपलब्ध करवाते हुए, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम-कुसुम) योजना लागू की गयी है। पीएम-कुसुम योजना के घटक कुसुम-सी में ग्रिड संबंद्ध सिंचाई पम्पस् को ऊर्जीकृत करने के लिये कृषि फ़ीडर का सोलराइजेशन किया जाना है। योजना में सोलर संयंत्र स्थापना के लिये रु. 1.05 करोड़ प्रति मेगावाट केन्द्रीय सहायता राशि का प्रावधान है। परियोजना के विकासकों एवं अन्य स्टेक होल्डर्स को निगम द्वारा इस निविदा, वित्तीय प्रबंधन, तकनीकी जानकारी देने के लिये "सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना समिट÷ 10 जून को कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेन्टर में आयोजित होगी।

सौर ऊर्जा का एक महत्वपूर्ण पक्ष उपयोग करने के स्थान (बिंदु) पर इसके उत्पादन के साथ उपयोग करना भी है। सौर ऊर्जा के व्यापक उपयोग के लिये इन परियोजनाओं को विकेंद्रीकृत रूप से स्थापित किया जा सकता है। सरकार कृषि को लाभ का धंधा बनाने के लिए किसानों के हित में सिंचाई के लिये ऊर्जा की 10 घंटे आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लगभग 8000 समर्पित कृषि फीडर स्थापित किए गए हैं। इनका निरंतर विस्तार प्रक्रियाधीन है।

प्रदेश में 33/11 किलो वोल्ट विद्युत उप केन्द्रों पर सौर ऊर्जा परियोजना की स्थापना के समग्र लाभ को दृष्टिगत रखते हुए कार्य किया जा रहा है। प्रदेश में पीएम-कुसुम योजना के घटक कुसुम-सी में प्रदत्त लक्ष्य तक सीमित न रखते हुए और योजना को तकनीकी रूप से अधिक उपयोगी बनाते हुए कृषि फ़ीडर सोलराइजेशन को विस्तार दिया जा रहा है। इसके विस्तारीकरण के लिये ही "सूर्य-मित्र कृषि फीडर" योजना क्रियान्वित की जा रही है।


''सूर्य-मित्र कृषि फीडर÷ योजना के प्रमुख उद्देश्य म.प्र. पॉवर मैनेज़मेंट कंपनी लिमिटेड को कम दर पर विद्युत उपलब्ध कराना है। सीधे विद्युत खपत स्थल पर ऊर्जा प्रदाय कर पारेषण हानि को कम करना, कृषि लोड का दिन में प्रबंध करना, किसान को सिंचाई के लिये दिन में बिजली उपलब्ध कराना भी इसका उद्द्देश्य है ताकि कृषकों की जीवन शैली को बेहतर बनाया जा सके। इसका उद्देश्य 33/11 किलो वोल्ट विद्युत वितरण उप केन्द्रों पर स्थापित पॉवर ट्राँसफार्मर पर ओवर-लोडिंग के परिणाम स्वरूप लो-वोल्टेज एवं पॉवर कट की समस्या को कम करना भी है। इन परियोजनाओं की स्थापना से विद्युत उपकेन्द्रों के उन्नयन पर आने वाले वित्तीय भार से बचा जा सकेगा। साथ ही बिना किसी निवेश के ग्रिड स्टेबिलिटी प्रबंधन किया जा सकेगा। ''सूर्य-मित्र कृषि फीडर" योजना में 100 प्रतिशत क्षमता तक विद्युत् सब-स्टेशन की सौर परियोजनाओं की स्थापना की जा सकेगी। इन परियोजनाओं के विकासकों के चयन के लिये म.प्र. ऊर्जा विकास निगम द्वारा निविदा जारी की गयी है। इसमें शासन के साथ 25 वर्षों तक विद्युत क्रय अनुबंध किया जाएगा। निविदा में 1900 से अधिक सब-स्टेशन पर 14 हजार 500 मेगावाट क्षमता परियोजनाओं के चयन के लिये अवसर उपलब्ध हैं। परियोजनाओं की स्थापना में पीएम कुसुम योजनान्तर्गत अनुदान प्राप्त करने का विकल्प उपलब्ध होगा। परियोजनाओं को एग्रीकल्चर इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड से 7 वर्षों तक 3 प्रतिशत्त ब्याज में छूट का प्रावधान भी किया गया है। वोकल फॉर लोकल के अंतर्गत स्थानीय उद्यमियों के लिए निवेश एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

## शब्द सामर्थ्य -012

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. खूब कसा हुआ, फूर्तिला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामाग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

**ऊपर से नीचे**
1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंत:करण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 011 का हल**



## अमानवीय : मौत का तांडव बनाम जीत का जश्न

(डॉ. सुधाकर आशावादी -विनायक फीचर्स)



किसी भी जश्न में यदि मौत का तांडव होने लगे तथा लोग भीड़ में कुचलकर अपनी जान गंवाने लगें, तब भी क्या जश्न मनाए जाने का कोई औचित्य बनता है। यह प्रश्न रॉयल चैलेंजर्स बंगलौर के आई.पी. एल. में जीत के जश्न के दौरान भगदड़ से हुई मौतों के कारण उपजा है। विडंबना यह भी है कि भारतीय राजनीति में जनमानस की सुरक्षा में चूक या लापरवाही से घटित दुर्घटनाएं भी सियासत से बच नहीं पाती। यदि ऐसा न होता तो देश के सत्ताधारी दल की कमियां खोजने वाले लोग अपने राज्यों में होने वाली दुर्घटनाओं पर अपने सुर न बदलते। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान मची भगदड़ में जिस विपक्ष ने प्रबंधन में विफलता का ठीकरा फोड़कर मुख्यमंत्री के त्यागपत्र की मांग की थी, वही विपक्ष बेंगलुरु में क्रिकेट प्रेमियों के एक आयोजन में मची भगदड़ में ग्यारह लोगों की मौत पर चुप्पी साधे हुए है तथा इसमें सरकार की विफलता पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री से त्यागपत्र की मांग नहीं कर रहा है। समझ नहीं आता कि राजनीतिक तत्व इतनी अधिक बेशर्मी कहाँ से ओढ़ते हैं, उनकी आँखों पर भगदड़ की घटनाओं को देखते हुए दोहरा चश्मा कैसे लग जाता है ? कहीं ऐसा तो नहीं कि राजनीति में जो शख्स जैसा देखना चाहता हो, वैसा ही देखता हो या कभी उसकी आँखों में मोतियाबिंद उतर आता हो और कभी स्वतः ही ठीक हो जाता हो। बहरहाल रॉयल चैलेंजर्स बंगलौर ने आई पी एल का अनूठा खिताब जीतकर जश्न मनाने के लिए प्रशंसकों को घर घर जाकर बुलाया तो नहीं होगा। प्रशंसक कमाई के इस गोरखधंधे में रॉयल चैलेंजर्स के साथ हाथ मिलाने की ख्वाहिश लेकर तो नहीं आए होंगे। केवल अपने पसंदीदा खिलाडियों की झलक प्रत्यक्ष रूप से देखने आए होंगे। यदि वे भगदड़ के शिकार हुए तो यह मानवीय दुर्घटना हो सकती है। भीड़ बढ़ती है, तो भगदड़ भी मचती है। भगदड़ में मौतें भी होती हैं। माननीय न्यायालय कभी कभी लापरवाही पूर्ण घटनाओं को स्वतः संज्ञान में ले लेता है। कभी कभी नहीं भी लेता। हर कोई जानता है कि बड़े आयोजनों में बहुधा भीड़ में जुटे लोगों की संख्या को लेकर लगाए गए अनुमान गलत सिद्ध होते हैं। उत्तर प्रदेश के हाथरस में भी ऐसा हुआ। किसी फिल्म के प्रीमियर पर भी ऐसा हुआ, जब भगदड़ में किसी दर्शक की मौत पर उस अभिनेता को ही दोषी ठहरा दिया गया, जिसके दर्शन के लिए भीड़ आई थी। यदि ऐसा है तो अप्रिय दुर्घटना के लिए जश्न मनाने वाले खिलाडियों को भी दोषी ठहराया जा सकता था, किन्तु ऐसा नहीं हुआ। बाहर भीड़ में चीख पुकार मचती रही और स्टेडियम में जीत का जश्न मनता रहा। अपने चहेते खिलाडियों और नेताओं के साथ फोटो सेशन चलते रहे। यह अमानवीय व निंदनीय कृत्य ही कहा जाएगा। मेरा मत है, कि भीड़ को नियंत्रित करना सरल नहीं होता, क्योंकि भीड़ की कोई दिशा नहीं होती।

ऐसे में प्रत्येक दुर्घटना को मानवीय दृष्टि से देखा व समझा

## धर्म का मर्म समझना है जरूरी

(डॉ. फौज़िया नसीम शाद-विभूति फीचर्स)



यह कहना कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी कि आज के समय में धर्म पर बात करना, उस पर लिखना या किसी भी प्रकार की टिप्पणी करना अत्यंत संवेदनशील विषय बन चुका है। स्थिति ऐसी हो गई है कि धर्म से संबंधित कोई भी विचार अभिव्यक्त करने से पहले बार-बार सोचना पड़ता है। यूँ कहें तो धर्म की इस अतिसंवेदनशीलता ने लोगों से उनकी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तक छीन ली है। पर यह भी एक वास्तविकता है कि जन्म से लेकर मृत्यु तक हमारा जीवन धर्म से गहराई से जुड़ा होता है।

हम जिस धर्म में जन्म लेते हैं, प्रायः उसी के साथ अपना जीवन बिताते हैं। अपनी आस्था और संस्कारों के कारण हमें अपना धर्म ही सबसे श्रेष्ठ प्रतीत होता है ठीक वैसे ही जैसे हमें अपनी माँ सबसे प्रिय लगती है। इसमें कोई बुराई नहीं। समस्या तब शुरू होती है जब हम सिर्फ इंसान नहीं रह जाते, बल्कि 'हिंदू', 'मुस्लिम', 'सिख', 'ईसाई' जैसे संकीर्ण पहचान बन जाते हैं। इससे भी दुःखद बात यह है कि जो लोग खुद को धार्मिक कहते हैं, वे अक्सर धर्म के मर्म को ही नहीं समझते। वे यह नहीं जानते कि धर्म, जिसे वे अपनी नफ़रतों और भेदभाव का माध्यम बना रहे हैं, वास्तव में तो जोड़ने, संगठित करने और प्रेम से रहने की शिक्षा देता है।

धर्म का उद्देश्य पूजा-पाठ या इबादत में लिप्त रहना भर नहीं है - बल्कि आत्मविकास और परमार्थ का मार्ग प्रशस्त करना है। ईश्वर हो या अल्लाह, वह हमारी आराधना का भूखा नहीं है। इसके लिए उसके पास फ़रिश्तों की कोई कमी नहीं। इबादत और पूजा की सारी विधियाँ हमें अनुशासन, मानसिक शांति और स्वास्थ्य प्रदान करने के लिए हैं, ताकि हम एक संतुलित और सहानुभूति-पूर्ण जीवन जी सकें। धर्म की मूल भावना यह है कि हम एक अच्छे इंसान बनें। हमारे कर्म और व्यवहार ही हमारे धार्मिक होने का प्रमाण हैं। अगर हम इंसान होकर दूसरे इंसानों से घृणा करते हैं, उन्हें नीचा दिखाते हैं, तो हम केवल उन्हें नहीं, बल्कि अपने ही रचयिता का अपमान कर रहे होते हैं। वह तो हम सबको एक ही दृष्टि से देखता है फिर हम कौन होते हैं भेदभाव करने वाले ?

### धार्मिक होने से पहले अच्छा इंसान होना ज़रूरी है।

क्योंकि जो व्यक्ति भीतर से मानवता से खाली है, वह न इंसान कहलाने योग्य है, न धार्मिक। हर धर्म चाहे वह किसी भी पंथ से जुड़ा हो - शांति, अहिंसा, दया, करुणा, सच्चाई और समता की शिक्षा देता है। घृणा, वैमनस्य, ऊँच-नीच और भेदभाव का तो किसी भी धर्म में स्थान नहीं है। तो फिर यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि हम किस 'धर्म' का अनुसरण कर रहे हैं? मुझे आज तक इन विभाजनों का कोई अर्थ समझ नहीं आया। पूजा और इबादत के तरीके अलग हो सकते हैं, पर लक्ष्य एक ही होता है - ईश्वर की निकटता और आत्मा की शुद्धता। हम सभी एक ही रब, एक ही परमात्मा को मानते हैं - फिर आपस में नफ़रतें क्यों? अगर हम सब केवल अच्छे इंसान बन जाएँ, तो मरने के बाद स्वर्ग की प्रतीक्षा करने की आवश्यकता नहीं रहेगी - यह धरती ही स्वर्ग बन जाएगी। बस इतना प्रयास करें कि हम धार्मिक बनने से पहले, दिल से इंसान बनें - अपने लिए, और अपने रब के लिए।

## राशिफल

**मेष** — आपका दिन बेहतर रहने वाला है। आज सोचे हुए काम करने के लिए और अपनी योजनाओं को पूरा करने के लिए दिन अच्छा रहेगा। इतने दिनों से जो दिमाग में चल रहा था आज करने का दिन है जीवनसाथी और किस्मत दोनों का साथ मिलेगा। पिछले कुछ समय से अपने दायरे के कुछ खास लोगों से आपकी अनबन चल रही है, तो आज अनबन दूर हो जाएगी। जो लोग सरकारी नौकरी से जुड़े हैं, उनके लिए आज का दिन उत्तम रहने वाला है।

**वृषभ** — आज आपका शुरुवात बढ़िया होने वाली हैं। प्रॉपर्टी डीलर्स को किसी बड़ी डील से अच्छा मुनाफा होगा। आज आपको दूसरों से सोच समझ कर बात करने की जरुरत है। जीवनसाथी आपकी बात को अहमियत देंगे इससे आपको खुशी होगी। छात्र आज कोई नया कोर्स ज्वाइन करने का मन बनायेंगे। आज अपने पिता की सेहत पर ध्यान देने की जरुरत है। फिजूल खर्चों को बंद करके अपने बैंक बैलेंस को मजबूत करेंगे।

**मिथुन** — आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है, आज आप जो भी काम शुरु करेंगे उसमें आपको सफलता जरुर मिलेगी। घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे छात्रों को ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है, जल्द ही मेहनत का लाभ आपको मिलने वाला है। आपको अपने गुण और अपने काम के कारण तारीफ मिल सकती है। दिनभर आप में कॉन्फिडेंस ज्यादा रहेगा। आज जो जिम्मेदारी आपको मिले तो उसे स्वीकार करें। घर और ऑफिस में शांति महसूस करेंगे।

**कर्क** — आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। संतान पक्ष से मन को संतोष मिलेगा। जो लोग नया औद्योगिक उद्यम शुरू करना चाहते हैं या नौकरी में नए अवसर खोज रहे हैं उनके लिए अनुकूल समय है। आज आपको किसी काम में पड़ोसियों से लाभ मिलेगा। आज आप जितनी मेहनत करेंगे, आने वाले दिनों में आपको उतना ही फायदा होगा आज आप अपने दोस्तों के साथ शाम को डिनर पर जा सकते है आज किसी फैसले या स्थिति में तब तक शामिल न हो, जब तक उसे ठीक से समझ न लें।

**सिंह** — आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आप अपने बड़े भाई से प्रॉपर्टी से रिलेटेड कोई बात करेंगे और फाइनेंस सम्बंधित कुछ योजनाये बनेगी। आज आप परिवार में को जोड़कर रखने की भूमिका निभाएंगे। आज आप किसी असहाय की मदद करेंगे। आज आप बेवजह के वाद-विवाद से दूर रहेंगे। आज आपका किसी इंटरव्यू में सिलेक्शन होगा अच्छी जॉब मिलेगी। आपके अच्छे विचार सोसाइटी में अलग पहचान बनाने में मदद करेंगे। आप अपनी दिनचर्या में बदलाव कर सकते हैं, आपको स्वास्थ्य लाभ मिलेगा।

**कन्या** — आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपके सामने जो भी कठिन मामले हैं, उन पर बातचीत कर सकते हैं। हालांकि, बातचीत करना थोड़ा कठिन भी रहेगा पर बाद में सफलता मिलेगी। आज स्टूडेंट्स किसी विषय में अपने भाई की मदद ले सकते है जिससे उन्हें काफी हेल्प मिलेगी। जमीन संपत्ति से संबंधित विवादों के निराकरण में सावधानी रखें। आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा जिससे हाल के कार्य आसानी से पूरे करके आप दूसरों को प्रभावित कर सकेंगे।

**तुला** — आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आप करीबी व्यक्ति के बारे में गहराई से विचार करके रिश्ता सुधारेंगे। आज आपको कोई उपलब्धि हासिल होगी। आपके सहयोगी और मित्रों का साथ मिलने से आज आपके जीवन में चल रही परेशानियां दूर हो जाएगी। आप विदेश में व्यपार करने की योजना बनायेंगे। आपकी सोशल मिडिया पर किसी से बात हो सकती है जिससे आपको भविष्य में बहुत फायदा होगा।

**वृश्चिक** — आज अकारण शुरू हुई बाधाएं पूरी तरह से समाप्त हो जायेंगी। आज आपको ननिहाल पक्ष से कोई शुभ समाचार मिलेगा ,जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज मित्रों की सहायता से आपको आय के अवसर मिलेंगे, जिनसे आप लाभ कमा कर आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाएंगे। काफी दिनों से चल रही ईएमआई आज पूरी हो जाएगी। आपके पिता जी आपको काम सौंपेंगे जिसे आप बखूबी पूरा करेंगे। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा है पढ़ाई में मन लगेगा।

**धनु** — आज आपका दिन अच्छा रहने वाला हैं। जरूरत से ज्यादा सोचने के कारण आपको सिर दर्द की परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। आपका सोशल नेटवर्क मजबूत बनेगा। व्यापार में आपकी मुलाकात तजुर्बेदार लोगों से होगी, उनसे व्यापार से जुडी जानकारी मिलेगी। आज आप बच्चों के किसी निर्णय में उनका पूरा सपोर्ट करेंगी। स्टूडेंट्स आज स्कूल ट्रिप पे कही बाहर जा सकते हैं। आज आपका घर खुशियों से भरा रहेगा। अस्थमा की समस्या से परेशान लोगों को आज काफी आराम मिलेगा।

**मकर** — आज का दिन आपके लिए सामान्य रहेगा। अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिये आपको नये अवसर मिलेंगे। किसी को उधार दिया हुआ पैसा आज आपको अचानक वापस मिल सकता है। व्यापार में किसी व्यक्ति से फायदा मिलने की उम्मीद बढ़ेगी। आपका उत्साह भी बढ़ेगा। भाई-बहनों से आपको पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। आज घर में कोई फंक्शन होने से आपके शेड्यूल में बदलाव आ सकता है। रिश्तों में हो रही गलत फहमियां आज ख़त्म होंगी, जिससे आपके रिश्ते में मिठास बढ़ेगी। साथ ही आज धन लाभ के नए अवसर मिलेंगे।

**कुंभ** — आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आज आपको करियर में सफलता मिलने वाली है यह आपको किसी सपने जैसा महसूस होगा। पैसों के मामलों में लोगों पर जरूरत से ज्यादा भरोसा करने से बचना चाहिए। किसी को उधार पैसा देने में सोच-विचार करना बेहतर रहेगा। आज बिजनेस के क्षेत्र में आपको बड़ा धन लाभ होगा। आज आप आराम कर सकते है क्योंकि आपका काम सुचारू रूप से चल रहा है। शत्रु आज आपसे दूरियां बनाकर रहेंगे।

**मीन** — आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज परिवार के लोगों से आपको भरपूर सहयोग प्राप्त होगा, खासकर आपके प्रति बड़ों का प्यार बना रहेगा। साथ ही बच्चे भी आपसे खुश रहेंगे। आज आप किसी नये बिजनेस को शुरू करने का विचार कर सकते हैं। आज किसी भी कार्य में सफलता आपके हाथ जरूर लगेगी। आज तरक्की के किसी भी अवसर को अपने हाथ से ना जाने दें, कोई भी छोटा चांस आपको मालामाल भी बना सकता है।

## भीड़,भगदड़ और मौतें, आखिर जिम्मेदार कौन?

(मनोज कुमार अग्रवाल-विनायक फीचर्स)



आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की ऐतिहासिक जीत के जश्न में अचानक यमराज की एन्ट्री से रंग में भंग हो गया है। रॉयल चैलेंजर की जीत के जश्न के दौरान बेंगलुरु में भगदड़ से 11 लोगों की जान चली गई। इस पूरे मामले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और कर्नाटक सरकार ने पल्ला झाड़ लिया था लेकिन अब इस मामले में कर्नाटक हाईकोर्ट ने एक्शन लिया है। इस दर्दनाक घटना पर स्वत~ संज्ञान लेते हुए कर्नाटक हाईकोर्ट ने आरसीबी पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। यह मामला कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश वी. कामेश्वर राव और न्यायमूर्ति सी.एम. जोशी की पीठ के समक्ष उठाया गया है। हाई कोर्ट ने जहां इस मामले में सरकार ने रिपोर्ट मांगी है तो वहीं उच्च न्यायालय में सुनवाई के दौरान सरकार का झूठ भी पकड़ा गया। कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने दावा किया था कि कार्यक्रम की सुरक्षा के लिए 5000 पुलिसकर्मी तैनात थे। कर्नाटक सरकार ने कोर्ट में बताया कि आरसीबी के आईपीएल समारोह के दौरान 1,000 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे। सरकार ने कोर्ट में बताया कि आरसीबी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। बाद में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने आरसीबी,इवेंट मैनेजमेंट कंपनी डीएनए नेटवर्क्स और कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के जिम्मेदार प्रतिनिधियों की गिरफ्तारी के आदेश देते हुए बेंगलुरु पुलिस कमिश्नर, अतिरिक्त आयुक्त, डीसीपी सेंट्रल, एसीपी और जहां यह घटना हुई उस थाने क्यूबन पार्क के इंस्पेक्टर को सस्पेंड कर दिया है। जीत के जश्न का भयावह हादसे में बदलना काफी कष्टदायक और रूह कंपाने वाली काफी दुःखद घटना है। चिन्नास्वामी स्टेडियम में मची भगदड़ में 11 से ज्यादा लोगों की जान चली गयी है और कई लोग घायल हुए हैं। क्रिकेट के प्रशंसक अपनी टीम की खुशी में शामिल होने के लिए पहुंचे थे, मगर इसमें से कुछ के परिवारों को ऐसी कष्ट और पीड़ा मिली है, जिसको वे जीवन भर नहीं भूल सकते हैं। दरअसल आईपीएल में पहली बार चैंपियन बनी आरसीबी की टीम की जीत की खुशी में जश्न का आयोजन किया गया। जैसे ही आरसीबी की जीत का जश्न मनाने के लिए विक्ट्री परेड की घोषणा हुई, उसके बाद लाखों की संख्या में प्रशंसक चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर एकत्रित हो गए। जानकारी के अनुसार भगदड़ तब मची, जब हजारों प्रशंसक विभिन्न द्वारों से जल्दबाजी में स्टेडियम में प्रवेश करने का प्रयास कर रहे थे। बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की मौजूदगी के बावजूद भारी भीड़ अनियंत्रित थी। खबर यह भी है कि भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस के द्वारा लाठी चार्ज किया गया, जिससे भगदड़ मची। खबरों के अनुसार भीड़ काफी ज्यादा थी। अनुमान है कि करीब 3 लाख लोग इस जश्न में शामिल होने पहुंचे थे, जबकि स्टेडियम की कुल क्षमता सिर्फ 40,000 लोगों की है। देखा जाए तो ऐसे कार्यक्रम में भीड़ का उमड़ना स्वाभाविक ही है, क्योंकि अपने देश में क्रिकेट के प्रति दीवानगी किसी से नहीं छिपी नहीं है। हर उम्र के लोगों में क्रिकेट और क्रिकेटरों के लिए जैसी दीवानगी देखी जाती है, वैसी किसी और खेल और खिलाड़ियों के लिए मुश्किल है। अगर बात विराट कोहली की हो तो उनके चाहने वाले किसी भी हद तक गुजरने के लिए तैयार हो जाते हैं।



आईपीएल में मिली इस जीत से कोहली के प्रशंसकों की खुशी चरम पर है, ऐसे में भीड़ का उमड़ना स्वाभाविक ही था। ऐसे में भगदड़ के इस पूरे मामले पर भीड़ नियंत्रण, आयोजन की तैयारियों और सुरक्षा इंतजामों को लेकर गंभीर सवाल उठने लाजमी है। कर्नाटक सरकार को पता होना चाहिए था कि ऐसे आयोजनों में क्रिकेट प्रेमियों की भारी भीड़ उमड़ेगी, ऐसे में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुख्ता इंतजाम करने की जरूरत थी। देखा जाए तो अपने देश में भगदड़ एक त्रासदी बन चुकी है, चाहे वो धार्मिक आयोजन हो या फिर कोई अन्य कार्यक्रम, भगदड़ में लोगों की मौतों की खबरें आती ही रहती हैं। भगदड़ की ये घटनाएं बदइंतजामी का ही नतीजा है। भगदड़ की इन घटनाओं से शासन प्रशासन को सबक लेने की जरूरत होती है। किसी भी हादसे का सबसे बड़ा सबक यह होना चाहिए कि ऐसे उपाय किए जाएं, ताकि दोबारा उसी तरह के हालात पैदा न हों। मगर धार्मिक स्थलों पर या ऐसे आयोजनों में जमा होने वाली भीड़ और उसके प्रबंधन को लेकर अक्सर इस हद तक लापरवाही बरती जाती है कि बार-बार भगदड़ की वजह से लोगों की जान जाने की घटनाएं सामने आ रही हैं। चिन्नास्वामी स्टेडियम में हादसा भी बदइंतजामी का नतीजा है। यह आमतौर पर देखा गया है कि किसी खास आयोजन की तैयारी तो कर ली जाती है, लेकिन भीड़ नियंत्रण और प्रबंधन के उपाय पहले से नहीं किए जाते। भारत सबसे बड़ी आबादी वाला देश है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं होना चाहिए कि यहां के लोग भीड़ वाले स्थानों में बदइंतजामी के कारण रह-रहकर मरते रहें। जब भी कहीं भीड़ भरे स्थलों में कोई हादसा होता है और उसमें लोग मारे जाते हैं तो घटना की जांच करने-कराने वालों से यही सुनने को मिलता है कि इस पर भी ध्यान दिया जाएगा कि भविष्य में इस तरह के हादसों को कैसे रोका जाए? ऐसा केवल सुनने को ही मिलता है, क्योंकि बार-बार वैसे ही हादसे होते रहते हैं, जैसे पहले हो चुके होते हैं। एक ऐसे समय जब देश को विकसित राष्ट्र बनाने की बातों के साथ इसके लिए प्रयत्न भी हो रहे हैं, तब फिर सार्वजनिक स्थलों में भीड़ नियंत्रण के उपाय प्राथमिकता के आधार पर किए जाने चाहिए। और सच तो यह है कि भीड़ नियंत्रण के नियम-कानून भी बने हुए हैं, लेकिन उनका पालन मुश्किल से होता है। अपने यहां नियम-कानूनों के उल्लंघन की प्रवृत्ति भी देखने को मिलती है, लेकिन इसका कारण केवल यह नहीं कि लोगों को उनकी परवाह नहीं होती, बल्कि यह भी है कि शासन-प्रशासन के स्तर पर उनके अनुपालन पर जोर नहीं दिया जाता। प्रायः यह अनुपालन मनचाहे तरीके से होता है। अधिकतर देखा जाता है कि जब भी कोई भगदड़ मचती है और लोगों की जान जाती है, तो जांच कमेटी का गठन कर दिया जाता है और मुआवजे की घोषणा कर दी जाती है।

# हर विकासखण्ड में एक लाख पौधे रोपित करने के लिए तत्काल तैयारी शुरू करें : कलेक्टर

## रोपित पौधों की सुरक्षा और देखभाल की पूरी व्यवस्था करें : कलेक्टर



**रीवा,कासं.।** कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने वर्षाकाल में पौधारोपण के तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि जिले के सभी विकासखण्डों में एक-एक लाख पौधे रोपित किए जाएंगे। इसके लिए तत्काल तैयारी शुरू कर दें। वन विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, शिक्षा विभाग तथा नगरीय निकाय पौधारोपण के लिए स्थान निर्धारित करके तत्काल गड्ढे खुदवाना शुरू कर दें। पौधों की किस्म का निर्धारण करके वन विभाग, उद्यानिकी विभाग अथवा अन्य एजेंसी को तत्काल पौधे क्रय करने के आदेश जारी कर दें। रोपित पौधों की सुरक्षा और उचित देखभाल की पूरी व्यवस्था करें। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास आंगनवाड़ी केन्द्रों तथा पोषण वाटिकाओं में पाँच हजार पौधे रोपित कराएं। इसमें मुनगा तथा अन्य फलदार पौधों को प्राथमिकता दें। जिला शिक्षा अधिकारी भी उन सभी स्कूलों में वृक्षारोपण कराएं जहाँ सुरक्षित भूमि उपलब्ध है। स्कूल परिसरों में 15 जुलाई तक पाँच हजार पौधे रोपित कराएं। कलेक्टर ने कहा कि नगर निगम रीवा तथा अन्य नगरीय निकाय अमृत योजना के तहत शहर को हरा-भरा बनाने के लिए वृक्षारोपण कराएं। विभिन्न विभागों और अशासकीय संस्थाओं को भी वृक्षारोपण के कार्य में सहभागी बनाएं।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मनरेगा योजना से प्रस्तावित वृक्षारोपण के लिए प्रत्येक सीएफटी में ग्राम वन के प्रस्ताव तत्काल तैयार करें। ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े महिला स्वसहायता समूहों से भी वृक्षारोपण कराएं। महिलाओं द्वारा रोपित पौधों को वायुदूत ऐप में भी दर्ज कराएं जिससे इनकी मॉनीटरिंग की जा सके। आजीविका मिशन कम से कम 50 हजार पौधे रोपित कराएं। आयुक्त नगर निगम शहर के प्रमुख स्थलों तथा प्रमुख मार्गों में एक लाख पौधे रोपित कराएं। रतहरा तालाब, दो प्रमुख नहरों के किनारे, लक्ष्मणबाग परिसर, पशु चिकित्सा महाविद्यालय, इंजीनियरिंग कालेज तथा झलबदरी तालाब के किनारे बड़ी संख्या में पौधे रोपित कराएं। बैठक में बताया गया कि वन विभाग द्वारा चार लाख 34 हजार पौधे रोपित किए जाएंगे। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। नगर निगम रीवा द्वारा एक लाख पौधे तथा जन अभियान परिषद द्वारा 15 हजार पौधे रोपित किए जाएंगे। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े ने नगर निगम द्वारा बनाई गई वृक्षारोपण की कार्ययोजना की जानकारी दी। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि विभिन्न विभागों के सहयोग से प्रत्येक विकासखण्ड में एक लाख से अधिक पौधे रोपित किए जाएंगे। इसकी ब्लॉकवार तथा ग्राम पंचायतवार तैयारी की जा रही है। उद्यानिकी विभाग में 47 हजार फलदार पौधे उपलब्ध हैं। इनका विभिन्न विभागों द्वारा रोपण कराया जाएगा।

बैठक में उप संचालक कृषि यूपी बागरी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नयन सिंह, परियोजना अधिकारी मनरेगा शिव सोनी, जिला शिक्षा अधिकारी सुदामालाल गुप्ता, डीपीसी विनय मिश्रा, जिला समन्वयक आजीविका मिशन, संभागीय समन्वयक जन अभियान परिषद प्रवीण पाठक तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# विकास और पर्यावरण में समरसता ही सतत विकास का मार्ग: श्री राकेश सिंह

**लोकनिर्माण विभाग द्वारा 'पर्यावरण से समन्वय' विषय पर कार्यशाला का हुआ आयोजन**

**राज्यव्यापी सड़क निरीक्षण अभियान 8 से 10 जून तक**




**रीवा,कासं.।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के निर्देश पर विभाग के पर्यावरण हितैषी नवाचार एवं ग्रीन टेक्नोलॉजीस पर केंद्रित 'पर्यावरण से समन्वय' विषय पर गतदिवस कार्यशाला का आयोजन हुआ। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम मुख्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला में लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने कहा कि लोक निर्माण विभाग अब केवल भौतिक निर्माणों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि जल संरक्षण, हरित तकनीकों के उपयोग और पारिस्थितिकी संतुलन को अपनी कार्यप्रणाली में प्राथमिकता से शामिल करेगा। उन्होंने विभाग की पर्यावरणीय सोच और भविष्य की कार्यनीतियों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि विकास और पर्यावरण में समरसता ही सतत विकास का मार्ग है। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि ÷लोक निर्माण से लोक कल्याण÷ केवल एक नारा नहीं बल्कि विभाग की बुनियादी कार्यनीति है, जिसमें अब पर्यावरणीय संतुलन भी स्वाभाविक रूप से शामिल है। उन्होंने कहा कि विकास की गति के साथ-साथ प्रकृति का संरक्षण अब हर अभियंता की जिम्मेदारी है। मंत्री श्री सिंह ने बताया कि विभाग अब सड़क किनारे रिचार्ज बोर का निर्माण कर रहा है, जिससे वर्षा जल को भूगर्भ में पहुंचाकर ग्राउंड वाटर रिचार्ज किया जा सकेगा। मंत्री श्री सिंह ने प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा शुरू किए गए ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि लोक निर्माण विभाग एक जुलाई को एक लाख पौधे लगाएगा। यह अभियान स्कूलों में चल रहे 'एक पेड़ माँ के नाम 2.0' से भी समन्वित होगा। मंत्री श्री सिंह ने आगामी मानसून को दृष्टिगत रखते हुए 8 से 10 जून तक राज्यव्यापी सड़क निरीक्षण अभियान चलाने की घोषणा की। इसमें सभी अभियंता सड़कों की स्थिति, जलभराव, गढ्डों और रखरखाव की जरूरतों का आंकलन करेंगे। रिपोर्ट 11 जून परिक्षेत्रीय मुख्यालय रीवा में विंध्या रिट्रीट रतहरा में लोक निर्माण विभाग अंतर्गत एम.पी.आर.डी.सी., एम.पी.बी.डी., एन.एच., लो.नि.वि. भवन, लो.नि.वि. सड़क/पुल के लगभग दो सौ अभियंता कार्यशाला में शामिल हुए एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर रीवा परिक्षेत्र में 5000 पौधे लगाने एवं 50 लोक सरोवर निर्मित किए जाने का संकल्प लिया गया। परिक्षेत्रीय कार्यशाला में मुख्य अभियंता (भवन) श्री एस.सी. वर्मा, मुख्य अभियंता (बी/आर) श्री संजय खांडे एवं मुख्य अभियंता (बी/आर) श्री आर.एल. वर्मा द्वारा उपस्थित अभियंताओं को प्रशिक्षण की तकनीकी, सामाजिक एवं पर्यावरण से संबंधित जानकारी से अवगत कराया गया तथा उपस्थित अभियंताओं की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन श्री सुधीर शुक्ला अनुविभागीय अधिकारी द्वारा किया गया।

मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के प्रबंध संचालक श्री भरत यादव ने कहा कि निर्माण कार्यों को अब केवल भौतिक अधोसंरचना तक सीमित न रखते हुए पर्यावरण संरक्षण को उसका अनिवार्य अंग बनाया जाना चाहिए। लोक निर्माण विभाग

# जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने 25 लापरवाहों का काटा वेतन

**रीवा,कासं.।** . जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने गत दिवस जल गंगा संवर्धन अभियान के क्रियान्वयन की समीक्षा की। निर्माण कार्यों में लापरवाही बरतने तथा अपेक्षा के अनुरूप प्रगति न होने पर 20 उपयंत्री, रोजगार सहायक एवं अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस देकर उत्तर संतोषजनक न होने पर सात दिन का वेतन राजसात करने के आदेश दिए हैं। जारी अलग-अलग आदेशों के अनुसार उपयंत्री अजय पटेल धौचट, उपयंत्री अशोक शुक्ला बहुरीबांध, उपयंत्री स्मिता तिवारी टीकर, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान गोविंद नारायण श्रीवास्तव तथा अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी जनपद पंचायत जवा नागेन्द्र सिंह का वेतन काटा गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी जनपद पंचायत नईगढ़ी अनीष पाण्डेय, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मऊगंज अमित द्विवेदी, उपयंत्री रतनगवां खास ददन पाठक, उपयंत्री देवतालाब पवन गुप्ता तथा उपयंत्री कनकेसरा बैकुंठ शुक्ला का वेतन काटने के आदेश दिए हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने उपयंत्री उमरी शिवेन्द्र मोहन तिवारी, उपयंत्री सीतापुर शोभनाथ साकेत, उपयंत्री महसांव महेश स्वर्णकार, उपयंत्री लक्ष्मणपुर लक्ष्मीकांत तिवारी, उपयंत्री अगडाल अरूण पटेल तथा अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी जनपद पंचायत रीवा रश्मि गौतम का वेतन काटने के आदेश दिए हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने 9 लापरवाह ग्राम रोजगार सहायकों के भी सात दिन का वेतन काटने के आदेश दिए हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान, मनरेगा योजना तथा अन्य निर्माण कार्यों में लापरवाही बरतने पर यह कार्यवाही की गई है। जारी आदेश के अनुसार ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत जिउला शुभम तिवारी, ग्राम रोजगार सहायक डिहिया नरसिंहपुर प्यारेलाल साकेत, ग्राम रोजगार सहायक पंचायत पड़िया श्रीमती अंजू सिंह, जीतेन्द्र रावत ग्राम रोजगार सहायक पुरैनी, रजनीश पाठक ग्राम रोजगार सहायक बम्हौरी, नीतू कुशवाहा ग्राम रोजगार सहायक करहिया नम्बर एक, लोकनाथ यादव ग्राम रोजगार सहायक सुपिया, श्रद्धा पाण्डेय ग्राम रोजगार सहायक शिवपुर्वा 601 तथा ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत नौवस्ता श्रीमती वंदना शुक्ला के सात दिन का वेतन काटने की कार्यवाही की है।

# दस कुओं के समतुल्य है,एक बावड़ी, इन्हें बचाने के लिये समाज को आगे आना होगा

**रीवा,कासं.।** .बावड़ियों का धार्मिक-सांस्कृतिक महत्व उनकी पर्यावरणीय उपादेयता के कारण था। भू-जल स्तर को सामान्य बनाये रखने में यह बेजोड़ है। किन्तु अब बावड़ियों का अस्तित्व मिटता जा रहा है। ऋृग्वेद, उपनिषद और जातक कथाओं से लेकर पुराणों तक भारतीय संस्कृति की प्रकृति संरक्षण सम्बन्धी चिरन्तन धारा विद्यमान है। भारतीय मनीषियों ने प्राकृतिक शक्तियों को देवता स्वरूप माना है। सूर्य, चन्द्रमा, वायु, अग्नि वगैरह देव हैं और नदियाँ पवित्र देवियाँ। पृथ्वी माँ है। वृक्ष देवों के वास-स्थल हैं। कुएँ, तालाब और बावड़ियों के धार्मिक-सांस्कृतिक महत्व हैं। पशु-पक्षियों को देवताओं का वाहन बनाकर इन्हें श्रेष्ठता प्रदान की गयी है। यह उदगार मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा खजुहा कला धाम में स्थित मंदिर परिसर में आयोजित बाबडी उत्सृव कार्यक्रम में पर्यावरणविद रामकृष्णु जी ने व्यक्त किये। उन्होंने बताया कि दस कुओं के समतुल्य एक बावड़ी है। दस बावडियों के बराबर एक तालाब है। दस तालाबों के सदृश्य एक पुत्र है और दस पुत्रों के समान एक वृक्ष होता है। जरूरत होने पर भी लोग हरे वृक्ष को नहीं काटते थे। बाबडी उत्सव कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए जन अभियान परिषद के संभाग समन्वपयक प्रवीण पाठक ने बताया कि राज्य शासन द्वारा प्रदेश के सभी जिला व विकासखंड मुख्यालयों में जहॉ पर बाबडी स्थित है उनके संरक्षण की मुहिम संचालित की गई है। इसी अनुक्रम में जिलें में ग्राम खजुहा व रायपुर कर्चुलियान के ग्राम मनिकवार में स्थित हनुमान बाबडी में बाबडी उत्सव का आयोजन किया गया है। उन्होंने बाबडी उत्सव आयोजन के उदेश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से शासन द्वारा समाज को जल संरक्षण व प्राचीन जल संरचनाओं के संवर्धन का महा अभियान संचालित किया जा रहा है।श्रीमती पूनम दुबे मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रीवा ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शासन द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर जल संरक्षण के कार्यो का चिन्हॉकन करते हुए कार्योजना के साथ जल संरचनाओं के सुदृढीकरण एवं निर्माण का कार्य किया जा रहा है । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ राजेश मिश्रा संयुक्त संचालक पशुपालन विभाग ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम ग्राम में सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से जल संरक्षण के कार्य प्रारंभ हुए है । कार्यक्रम को समाजसेवी श्री पियूष त्रिपाठी ने भी संबोधित किया ।

**खेल/व्यापार**

## संक्षिप्त समाचार

### यूपीआई लेनदेन मई में 23 प्रतिशत बढ़कर 25.14 लाख करोड़ रुपए रहा

**नई दिल्ली ,ए.।** यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) लेनदेन की वैल्यू मई में सालाना आधार पर 23 प्रतिशत 25.14 लाख करोड़ रुपए हो गई है। पिछले साल मई में 20.45 लाख करोड़ रुपए के यूपीआई लेनदेन हुए थे। नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) की ओर से जारी किए गए डेटा के मुताबिक, मई में यूपीआई लेनदेन की संख्या 18.68 अरब रही है। यह पिछले साल के समान अवधि के आंकड़े 14.03 अरब से 33 प्रतिशत अधिक है। अप्रैल 2025 में कुल 17.89 अरब यूपीआई लेनदेन हुए थे और इनकी वैल्यू 23.95 लाख करोड़ रुपए थी। मई 2025 में देश में औसत दैनिक लेनदेन की संख्या 60.2 करोड़ रही, जबकि औसत दैनिक लेनदेन की वैल्यू 81,106 करोड़ रुपए रही। देश के डिजिटल पेमेंट सिस्टम में यूपीआई लेनदेन की भागीदारी कुल लेनदेन में बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 83.7 प्रतिशत हो गई है, जो कि वित्त वर्ष 2023-24 में 79.7 प्रतिशत थी। आरबीआई की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, यूपीआई से वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 185.8 अरब लेनदेन हुए, जो सालाना आधार पर 41 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। इस दौरान यूपीआई लेनदेन की वैल्यू वित्त वर्ष 2023-24 के 200 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर 261 लाख करोड़ रुपए हो गई है। आरबीआई ने रिपोर्ट में कहा, यूपीआई की सफलता ने भारत को ग्लोबल रियल टाइम पेमेंट में 48.5 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ अग्रणी स्थान पर पहुंचा दिया है। आरबीआई ने कहा कि केंद्रीय बैंक 2028-29 तक 20 देशों में यूपीआई का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध है। भूटान, फ्रांस, मॉरीशस, नेपाल, सिंगापुर, श्रीलंका और यूएई में क्यूआर कोड के माध्यम से भारतीय यूपीआई ऐप की स्वीकृति पहले ही सक्षम हो चुकी है, जिससे भारतीय पर्यटक, छात्र और व्यावसायिक यात्री अपने घरेलू यूपीआई ऐप का उपयोग करके भुगतान कर सकते हैं। आरबीआई ने यह भी कहा कि धोखाधड़ी के मामलों की कुल घटनाओं में कमी आई है, लेकिन धोखाधड़ी की राशि तीन गुना बढ़कर 36,014 करोड़ रुपए हो गई है, जिसका मुख्य कारण धोखाधड़ी के नए तरीके हैं।

### वाहनों की गिरती बिक्री को लेकर राहुल गांधी का दावा फर्जी, इंडस्ट्री डेटा ने बताई सही तस्वीर

**नई दिल्ली ,ए.।** विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को सोशल मीडिया पोस्ट में दावा किया कि देश में बीते एक साल में दोपहिया वाहनों की बिक्री में 17 प्रतिशत और कार की बिक्री में 8.6 प्रतिशत की गिरावट हुई है। हालांकि, इंडस्ट्री डेटा कुछ अलग ही तस्वीर बता रहा है। सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के अनुसार, देश की ऑटो इंडस्ट्री ने वित्त वर्ष 25 में रिकॉर्ड 43 लाख पैसेंजर वाहनों की बिक्री की है। यह भारत में पैसेंजर वाहनों बिक्री का अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। यह आंकड़ा वित्त वर्ष 24 में 42 लाख पैसेंजर वाहनों की बिक्री से 2 प्रतिशत अधिक है। देश में पैसेंजर वाहनों की बिक्री में बढ़त की वजह एसयूवी सेगमेंट का तेजी से लोकप्रिय होना है, जिसकी कुल पैसेंजर वाहन बिक्री में 65 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। सियाम के मुताबिक, वित्त वर्ष 25 में दोपहिया वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 9.1 प्रतिशत बढ़कर 1.96 करोड़ यूनिट्स हो गई है। वित्त वर्ष 25 तिपहिया वाहनों की बिक्री भी उच्चतम स्तर पर रही। इस दौरान कुल 7.4 लाख यूनिट्स की बिक्री हुई, जो कि वित्त वर्ष 24 की कुल बिक्री 6.94 लाख यूनिट्स से करीब 6 प्रतिशत अधिक है। वाहनों की घरेलू बिक्री के साथ वित्त वर्ष 25 में निर्यात में भी इजाफा हुआ है। सियाम के मुताबिक,वित्त वर्ष 25 में देश के कुल 7.7 लाख पैसेंजर वाहनों का निर्यात हुआ था, जो कि वित्त वर्ष 24 के 6.72 लाख पैसेंजर वाहनों के निर्यात से 14.6 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 25 में देश के कुल 41.98 लाख दोपहिया वाहनों का निर्यात हुआ था, जो कि वित्त वर्ष 24 के 34.58 लाख दोपहिया वाहनों के निर्यात से 21.4 प्रतिशत अधिक है।

# आईपीएल के एक सीजन में बगैर शून्य पर आउट हुए सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज

**नई दिल्ली,ए.।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इतिहास में कई बल्लेबाजों ने रनों का अंबार लगाया है. इस टूर्नामेंट में हर सीजन कोई न कोई बल्लेबाज शानदार प्रदर्शन करते हुए रनों की झड़ी लगा देता है. इसके साथ ही आईपीएल के एक सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाला बल्लेबाज भी बन जाता है. लेकिन ये बल्लेबाज कभी न कभी फेल भी हो जाते हैं और किसी मैच में शून्य पर भी पवेलियन लौट जाते हैं.तो आज हम आपको उन बल्लेबाजों के बारे में बताने वाले हैं, जिन्होंने आईपीएल के एक सीजन में बिना शून्य पर आउट हुए सबसे ज्यादा रन बनाए हैं।

आईपीएल के एक सीजन में बिना शून्य पर आउट हुए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों में क्रिस गेल, माइकल हसी, जोस बटलर, फाफ डु प्लेसिस, विराट कोहली और साई सुदर्शन जैसे बल्लेबाज हैं. जिनको आईपीएल के एक सीजन के किसी भी मैच में कोई भी बल्लेबाज शून्य पर आउट नहीं कर पाया है।

वेस्टइंडीज के पूर्व बाएं हाथ के विस्फोटक बल्लेबाज क्रिस गेल उन खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्होंने आईपीएल के एक सीजन में बिना शुन्य पर आउट हुए सबसे ज्यादा रन बनाने हैं. गेल ने आईपीएल 2012 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ओर से ये कमाल किया था.उन्होंने 14 मैचों में 733 रन बनाए थे जिसमें 1 शतक और 7 अर्धशतक शामिल।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बाएं हाथ के बल्लेबाज माइकल हसी के नाम भी आईपीएल के एक सीजन में बिना शुन्य पर आउट हुए सबसे ज्यादा रन बनाने का कारनामा दर्ज है. हसी ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए आईपीएल 2013 के 17 मैचों में 6 अर्धशतकों की मदद से 129.50 की स्ट्राइक रेट के साथ 733 रन बनाए। इंग्लैंड के कप्तान और दाएं हाथ के विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर आईपीएल के एक सीजन में शुन्य पर आउट हुए बगैर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले प्लेयर्स की लिस्ट में शामिल हैं. उन्होंने आईपीएल 2022 में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए 17 मैचों में 4 शतक और 4 अर्धशतकों के साथ 863 रन बनाए थे। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान और दां हाथ के अनुभवी बल्लेबाज फाफ डु प्लेसिस आईपीएल के एक सीजन में शुन्य पर आउट हुए बगैर सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ियों में शामिल हैं. डु प्लेसिस ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए आईपीएल 2023 14 मैचों में 8 अर्धशतकों की बदौलत 730 रन बनाए। भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली भी आईपीएल के एक सीजन में शुन्य पर आउट हुए बगैर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में हैं. उन्होंने आईपीएल 2024 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए खेलते हुए 15 मैचों में 1 शतक और 5 अर्धशतकों के साथ 741 रन बनाए। आईपीएल 2025 में इस खास रिकॉर्ड को दोहराने का काम साई सुदर्शन हैं. सुदर्शन आईपीएल के एक सीजन में शुन्य पर आउट हुए बिना सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने हैं. उन्होंने गुजरात टाइटंस की ओर से खेलते हुए 15 मैचों में 1 शतक और 6 अर्धशतकों की मदद से 759 रन बनाए।

## टीम इंडिया को मिला नया कोच, इंग्लैंड दौरे से गौतम गंभीर के साथ मिलकर संभालेंगे जिम्मेदारी

**नई दिल्ली,ए.।** भारतीय क्रिकेट टीम 20 जून से इंग्लैंड का दौरा करने वाली है जहां उसे पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है.उससे पहले टीम



इंडिया में एक नया कोच शामिल होने वाला है. ये कोच हाल ही में आईपीएल 2025 में पंजाब किंग्स के साथ काम करता हुआ दिखा था. अब आईपीएल 2025 की उपविजेता पंजाब का साथ छोड़कर टीम इंडिया का दामन थामने वाले हैं। दरअसल, एड्रियन ले रॉक्स ने घोषणा की है कि वो भारतीय क्रिकेट टीम के साथ अपने नए कार्यकाल को लेकर काफी उत्साहित हैं. रॉक्स ने ऐलान किया कि वह पंजाब किंग्स के साथ अपना कार्यकाल समाप्त करने के बाद भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के नए स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच के रूप में शामिल होंगे। एड्रियन ले रॉक्स जनवरी 2002 से मई 2003 तक भारतीय टीम के स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच पहले भी रह चुके हैं. अब टीम इंडिया के साथ ये उनका दूसरा कार्यकाल होगा. इससे पहले सोहम देसाई स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच की भूमिका में नजर आ रहे थे. उनकी जगह पर अब एड्रियन ले रॉक्स शुभमन गिल की कप्तानी और हेड कोच गौतम गंभीर की अगुवाई वाली टीम के साथ जुडने वाले हैं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा, %पंजाब किंग्स के साथ 6 साल का सफर खत्म हो गया. इस सीजन में फाइनल तक का सफर तय किया।

# शुभमन गिल और गौतम गंभीर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिए कई अहम सवालों के जवाब

## -रोहित-कोहली और बुमराह पर बोले नए कप्तान

**नई दिल्ली,ए.।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान शुभमन गिल और हेड कोच गौतम गंभीर ने इंग्लैंड दौरे से पहले प्रेस को संबोधित किया. इन दोनों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कई अहम सवालों का जवाब दिया. इस दौरान गंभीर ने आरसीबी की जीत के जश्न के दौरान बेंगलुरु में हुई भगदड़ में मारे गए लोगों और रोड शो पर नाराजगी जताई है. भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल से जब पूछा गया कि आप पर इंग्लैंड दौरे का कितना दबाव होगा और रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को आप मिस करेंगे. तो उन्होंने कहा, दबाव तो आप पर हर टूर पर होता है. अनुभवी खिलाड़ियों की जगह भरना मुश्किल होता है लेकिन हम दबाव को झेलने के लिए सक्षम होता है. टीम में बैटिंग और बॉलिंग का अच्छा कॉम्बिनेशन है। गिल ने कप्तानी मिलने वाले सवाल पर कहा, जब मुझे पता चला कि मुझे कप्तानी की जिम्मेदारी




दी जा रही है. तो मैं काफी भाग्यशाली महसूस कर रहा था. लेकिन मैं जिम्मेदारी के लिए तैयार हूं. हमने अभी बल्लेबाजी क्रम के बारे में तय नहीं किया है. लंदन में 10 दिनों का अभ्यास कैंप लगेगा तब हम अपने बैटिंग ऑर्डर के बारे में तय करेंगे। गौतम गंभीर ने बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर आरसीबी की विक्ट्री परेड से पहले हुई भगदड़ में मरे 11 लोगों की मौत और जश्न मनाने के सवाल पर बात करते हुए कहा, मैं कभी भी रोड शो में विश्वास नहीं रखता था. मेरी संवेदना उन लोगों के साथ है जो त्रासदी से पीड़ित हैं. पहली बात तो ये है कि मैं कोई नहीं होता कि मैं जिम्मेदार मानता हूं या नहीं. मैं पहले ही बता चुका हूं कि मैं ऐसे रोड शो का समर्थन नहीं करता हूं।

जीत और जश्न जरूरी है लेकिन किसी की जान इससे ज्यादा जरूरी है. शुभमन गिल से जब जसप्रीत बुमराह की पूरे टूर्नामेंट में उपस्थिति के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा, जसप्रीत बुमराह जैसे गेंदबाज का ना होना किसी भी टीम के लिए हानि होगी. लेकिन हमारे पास 18 सदस्यीय स्क्वाड ऐसा है जो हर परिस्थिति में शानदार प्रदर्शन करने की हिम्मत रखता है। गौतम गंभीर ने कहा, मैं हमेशा दबाव में रहता हूं. चाहे परिणाम कुछ भी हों. आप देश के लिए परिणाम प्राप्त करना चाहते हैं. हमने अभी यह तय नहीं किया है कि बुमराह कौन से तीन टेस्ट खेलेंगे, यह नतीजों और सीरीज की स्थिति पर निर्भर करता है।

# भौंती पुलिस ने किया सेक्सटॉर्शन गैंग का भंडाफोड़, एक महिला सहित दो आरोपी गिरफ्तार, मोटरसाइकिल जब्त



**शिवपुरी ब्यूरो।** भौंती थाना पुलिस ने आज सेक्सटॉर्शन गैंग का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस गैंग में शामिल एक महिला सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक मोटरसाइकिल जब्त की गई है। भौंती थाना प्रभारी मनोज सिंह राजपूत के अनुसार, 4 जून 2025 को फरियादी अनिल पुत्र राकेश परिहार उम्र 25 साल निवासी ग्राम कुरथरा थाना बड़ौनी जिला दतिया ने अपने साथी कुन्दन कुशवाह व ज्ञानसिंह कुशवाह निवासीगण कुरथरा के थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि काराखेत मनपुरा की एक महिला जिसका मुझे सोशल मीडिया से नम्बर मिला उससे मेरी बात चीत होती थी, जिसने मुझे मिलने के लिये बुलाया तो मैं 30 मई 2025 को अपने दोस्त कुन्दन कुशवाह व ज्ञान सिंह कुशवाह के साथ कुन्दन की मोटरसाइकल से मिलने आये और दुल्हई की पुलिया पर से महिला से बात की तो पास में ही बाई तरफ के कच्चे रास्ते पर एक महिला एवं दो लड़किया मिली उन लड़कियों ने मुझसे व कुन्दन से एक एक हजार रुपये लिये और लडकियाँ हमें अपने साथ खेत में बने कमरे में ले गयी तथा ज्ञानसिंह व महिला दोनो बाहर खड़े रहे तभी बाहर से चिल्लाने की आवाज आई बाहर जाकर देखा तो ज्ञानसिंह को तीन चार व्यक्ति पकड़कर खड़े हुए थे और सभी ने हमे भी घेर लिया और बोले एक लाख रूपये दो नही तो तुम्हारे ऊपर बलात्कार का झूठा केस लगा देगे एवं हाथ पैर तोड़ देगें, हमारे पास रुपये नहीं होने से आरोपीगणों द्वारा मोबाइल व मोटरसाइकल रख ली और हमारी मारपीट की जिससे हमें चोटे भी आई उसके बाद दिनांक 31.05.2025 को एक मोबाइल से हमारे पास फोन आया और बोला कि एक लाख रुपये लेकर आ जाओ और अपनी मोटरसाइकल व मोबाइल ले जायो लेकिन रुपयों की व्यवस्था नहीं हुई तब हमने थाने पर रिपोर्ट की, उक्त रिपोर्ट पर से थाना भौंती पुलिस द्वारा सेक्स टॉर्शन में संलिप्त 3 नामजद व 3 अन्य आरोपीगणों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 176/25 धारा 308(5), 308(6), 115(2), 351(3), 3(5) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। मामला सेक्सटॉर्शन गैंग से संबंधित होकर गंभीर प्रकृति का था इसलिए मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड ने आरोपियो को शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश दिए तब अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में निरीक्षक मनोज राजपूत के नेतृत्व में टीम गठित कर सेक्सटॉर्शन गैंग के दो सदस्यों आरोपी छोटू लोधी पुत्र स्व. रामकिशन लोधी उम्र 20 साल निवासी काराखेत मनपुरा एवं एक महिला आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की तथा आरोपीगणों से कब्जे में ली गई मोटर साइकल को जप्त किया गया तथा गिरफ्तारशुदा आरोपीगणों को जेआर पर माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है। प्रकरण में अन्य सहयोगियों (आरोपियों) की तलाश जारी है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी भौंती निरीक्षक मनोज राजपूत, सउनि. जितेन्द्र सिंह जाट, प्रआर. राजेश शर्मा, भगवती प्रसाद, राम प्रवेश शर्मा, आर. आलोक जैन, ब्रजेश राणा, राम प्रसाद, आकाश शाक्य, कमल गुर्जर, कुलदीप बाथम, धर्मवीर रावत, म.आर. अनीता शर्मा, उनि. धर्मेन्द्र जाट (सायबर सैल प्रभारी), आर. विकाश (सायबर सैल), दामोदर (सायबर सैल) की अहम भूमिका रही।

# शिवपुरी में टैलेंट की उड़ान नृत्य प्रतियोगिता का होगा भव्य आयोजन

## वीडियो भेजने की अंतिम तिथि 8 जून 2025

**शिवपुरी ब्यूरो।** शहर के नृत्य प्रेमियों के लिए एक रोमांचक खबर है। समाजसेवी आरती जैन (नीतू) द्वारा एक भव्य नृत्य प्रतियोगिता टैलेंट की उड़ान का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता सभी आयु वर्ग के प्रतिभागियों को अपना हुनर दिखाने और अपने सपनों को साकार करने के लिए एक शानदार मंच प्रदान करेगी। इस प्रतियोगिता में भाग लेना बेहद आसान है। इच्छुक प्रतिभागियों को अपने डांस का एक वीडियो बनाकर 8269690463 पर व्हाट्सएप करना होगा। प्राप्त वीडियो में से चुने गए प्रतिभाशाली प्रतिभागियों को मंच पर अपनी धमाकेदार परफॉरमेंस देने का सुनहरा अवसर मिलेगा। यह प्रतियोगिता सभी आयु वर्गों के लिए खुली है और इसे दो मुख्य समूहों में विभाजित किया गया है ग्रुप 1= 10 से 18 वर्ष, ग्रुप 2= 18 से 60 वर्ष, महिलाएं, पुरुष और बच्चे- सभी इस रोमांचक प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। अपने डांस वीडियो भेजने की अंतिम तिथि 8 जून 2025 है। यह शानदार पुरस्कार जीतने और अपनी प्रतिभा को बड़े मंच पर प्रदर्शित करने का एक बेहतरीन मौका है। तो, अपनी प्रतिभा दिखाएं और टैलेंट की उड़ान में भाग लेने के लिए आज ही अपना वीडियो भेजें! इस कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में डेविड शर्मा (इंडिया बेस्ट डांसर के प्रतिभागी), राहुल व्यास (मॉडल एवं डांसर), और ज्योति समाधिय (मेकअप आर्टिस्ट) शामिल हैं। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में कई समाजसेवियों का महत्वपूर्ण योगदान है, जिनमें विभा वीरेंद्र रघुवंशी, सपना राजेंद्र शर्मा (संचालक सिद्धिविनायक हॉस्पिटल), नम्रता गौतम, शोभा पुरोहित, निशा शिवहरे, डॉ. रश्मि गुप्ता, पिंकी गोस्वामी, बबिता जैन पत्ते वाले, और अन्य समाजसेवी लोग शामिल हैं। टैलेंट की उड़ान के प्रायोजक हैं नीलम गर्ग (वास्तु एक्सपर्ट), शाहिद खान (डायरेक्टर दून पब्लिक स्कूल), रोशनी रितेश गुप्ता (संचालक बुद्धि बूस्टर स्कूल), एवं मुस्कान पैथोलॉजी, राजलक्ष्मी फिजियोथैरेपी आदि।



# सरकार के कामों, उपलब्धियों, योजनाओं को बूथ स्तर तक तक पहुंचाएं कार्यकर्ता : भाजपा जिलाध्यक्ष जसवंत जाटव

## संकल्प से सिद्धि अभियान के अंतर्गत होने वाले कार्यक्रमो को लेकर बनी रणनीति




**शिवपुरी ब्यूरो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा संकल्प से सिद्धि अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत शिवपुरी जिले की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को स्थानीय युवराज होटल में किया गया यह कार्यशाला भाजपा जिला अध्यक्ष जसवंत जाटव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिला अध्यक्ष जसवंत जाटव ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का यह विशेष अभियान 9 जून से 25 जून तक जिले भर में चलाया जाएगा, जिसमें केंद्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं, विकास कार्यों और समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने की प्रतिबद्धता को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। पूर्व विधायक नरेंद्र बिरथरे ने कहा कि सभी कार्यकर्ता जिले से लेकर मंडल एवं बूथ स्तर तक पूर्ण निष्ठा और समर्पण के भाव से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल बेमिसाल पूर्ण होने पर 11 साल में देश में मोदी की सरकार ने विकास का, देश के मान सम्मान बढ़ाने का जो इतिहास रचा है उसे हमे गांव की चौपाल तक ले जाना है, घर घर बताना है। पूर्व विधायक ओमप्रकाश खटीक ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है भाजपा का कार्यकर्ता अनुशासित है अगर दीपक जलाकर भी ढूंढोगे तो भाजपा जैसा कार्यकर्ता कहीं नहीं मिलेगा अब जो कार्यक्रम आए हैं उनका हमें करना है और केवल करना ही नहीं है बल्कि जन-जन तक पहुंचना है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे महामंत्री सोनू बिरथरे ने कहा कि 9 जून से %सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 वर्ष' अभियान शुरू होने जा रहा है, साथ इस माह में अन्य कार्यक्रम भी होंगे। यह हमारे लिए केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को जमीन पर उतारने का अवसर है। कोई भी बूथ, शक्ति केंद्र और मंडल छूट न जाए, इसके लिए योजना बनाकर हमे प्रयास करना है। कार्यशाला में महामंत्री गगन खटीक ने पर्यावरण, योग दिवस, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस, आपातकाल आदि आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों की रूपरेखा के बारे में बताया। कार्यशाला में संकल्प से सिद्धि अभियान के विभिन्न आयामों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा शिवपुरी जिले में इसे प्रभावशाली ढंग से संचालित करने की रणनीति तय की गई। आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला को पूर्व विधायक व वरिष्ठ भाजपा नेता कामता प्रसाद, पूर्व मंत्री भैया साहब लोधी, पूर्व विधायक शकुंतला खटीक, प्रहलाद भारती, जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदेश उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा नफीस खान द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुरेंद्र शर्मा, केशव सिंह तोमर, पूर्व जिला अध्यक्ष सुशील रघुवंशी, पूर्व राज्य मंत्री सुरेश राठखेड़ा नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा मंच पर मौजूद रहे।

**कार्यक्रमों के लिए टोलियों का हुआ गठन**

मोदी सरकार के 11 साल संकल्प से सिद्धि तक एवं अन्य संगठन आत्मक कार्यक्रम के लिए जिला टोली का गठन किया गया जिसमें मोदी सरकार के 11 संकल्प से सिद्धि तक कार्यक्रम का संयोजक पूर्व विधायक नरेंद्र बिरथरे, सह-संयोजक प्रदेश उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा नफीस खान, सदस्य नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष राम स्वरूप रावत को बनाया गया है। विश्व पर्यावरण दिवस के लिए संयोजक पूर्व विधायक शकुंतला खटीक, सहसंयोजक जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव व सदस्य जिला उपाध्यक्ष पवन जैन, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अमित पड़रिया को बनाया गया है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए संयोजक पूर्व विधायक भैयासहाब लोधी, सहसंयोजक जिला उपाध्यक्ष हेमंत ओझा, सदस्य के रूप में महिला मोर्चा उपाध्यक्ष शैलजा लवंगीकर व योगेंद्र रघुवंशी को बनाया गया है। इसी तरह 23 जून से 6 जुलाई तक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस मनाया जाएगा जिसके संयोजक पूर्व विधायक प्रहलाद भारती, सहसंयोजक जिला उपाध्यक्ष विपिन खमरिया व सदस्य के रूप में पूनम राजोरिया एवं मुन्नालाल कुशवाहा को नियुक्त किया है। आपातकाल के काले अध्याय का 50 वां वर्ष है 25 जून को आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए संयोजक पूर्व विधायक ओमप्रकाश खटीक, सहसंयोजक जिला महामंत्री पृथ्वीराज जादौन, सदस्य के रूप में जिला मंत्री मनीष अग्रवाल व जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा योगेंद्र यादव को बनाया गया है। इसी तरह सभी मंडल में भी टोलियों का गठन किया गया है।

# शानदार प्रदर्शन की दम पर पटेल एण्ड संस और संजय अवस्थी इलेवन पहुंची सेमीफायनल में

## सीनियर वर्ग में आरबी इलेवन और देवराज इलेवन ने भी जीते अपने अपने मैच, पोलोग्राउण्ड में चल रही है 7 ए साइड क्रिकेट प्रतियोगिता




**शिवपुरी ब्यूरो।** शहर के तात्याटोपे खेल मैदान में शिवपुरी क्रिकेट अकादमी के तत्वाधिान में खेली जा रही 7 ए साइड क्रिकेट प्रतियोगिता में चौथे दिन चार मैच खेल गए। आज जूनियर टीमों के क्वाकर्टर फायनल मुकाबले खेले गए जिनमें पटेल एण्ड संस और संजय अवस्थी इलेवन ने अपने अपने मैच जीतकर सेमीफायनल में जगह बना ली है जबकि सीनियर वर्ग में खेले गए मुकाबलों में देवराज इलेवन और आरबी इलेवन ने अपने अपने मैच जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया। आज के मैच में मुख्यल अतिथि के रूप में शिवपुरी वरिष्ठे क्रिकेट वासुदेव राठौर, राजू ठाकुर, गोविन्द गुप्ता एवं आईटीआई प्राचार्य नीरज गुप्ता प्रमुख रूप से मौजूद रहे। टूर्नामेंट के बारे में जानकारी देते हुए वरिष्ठ क्रिकेटर गिरीश मिश्रा मामा और कमल बाथम शेरा ब्लॉक कॉर्डिनेटर खेल विभाग शिवपुरी ने बताया कि आज का पहला मैच पटेल एण्ड संस और कल्पना ट्रेवल्स के बीच खेला गया जिसमें पटेल एण्ड संस ने 4 विकेट से मुकाबला जीता इस मैच के मैन ऑफ दी मैच रहे पटेल एण्ड संस के देव सेन रहे जिन्होंने अपनी टीम के लिए 37 रनों का योगदान दिया। जूनयिर वर्ग का दूसरा क्वाएर्टर फायनल मामा एकादश और संजय अवस्थी इलेवन के बीच खेला गया जिसमें संजय अवस्थी ने मामा एकादश को 48 रनों से हराया। इस मैच का मैन ऑफ दा मैच देवांस बरार को चुना गया जिन्होंरने अपनी टीम के लिए 15 रन बनाए तथा तीन महत्वपूर्ण विकेट चटकाए। सीनियर वर्ग में पहला मैच एसएस फाइबर और देवराज इलेवन के बीच खेला गया जिसमें देवराज इलेवन एसएस फाइबर को 6 विकेट से मात दी। इस मैच का मैन ऑफ दी मैच मोहित उचारिया को उनके 20 रन और 1 विकेट के लिए चुना गया। दूसरा मैच आरबी इलेवन और दीक्षित इलेवन के बीच खेला गया जिसमें आरबी इलेवन ने मैच 17 रनों से जीता इस मैच के मैन ऑफ दी मैच देव राठौर रहे जिन्होंवने 19 रन बनाए तथा दो स्टपिंग करते हुए एक शानदार कैच भी पकडा। आज के मैचों में प्रमुख रूप से मुन्नो राजा, जय कुमार दुबे, जीतू कुशवाह, अजय श्रीवास्तव, प्रदीप शर्मा लारा, वासुदेव राठौर, गोविन्द् गुप्ता, नरेन्द्र शर्मा, बल्लू गौर, प्रतियोगिता के मीडिया प्रभारी नेपाल सिंह बघेल एवं सभी खिलाडिया के माता-पिता और अभिभावक गण ने उपस्थित होकर खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया। आज के मैचो की व्यवस्था एवं संचालन कमल सिंह बाथम शेरा यूथ कॉर्डीनेटर खेल विभाग एवं अभिषेक धाकड साहिल बाथम एवं सागर बाथम अंजली परमार और वरिष्ठ क्रिकेटर गिरीश मिश्रा मामा द्वारा किया गया।

# ईद के मद्देनजर पुलिस ने शहर के प्रमुख मार्गों से निकाला गया फ्लैग मार्च



**शिवपुरी ब्यूरो।** आगामी त्योहार ईद मे शांति व्यवस्था एवं आपसी सौहार्द बनाये रखने हेतु पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्र मे पैदल गस्त एवं फ्लैग मार्च निकालने के लिये निर्देश दिये गये थे। उक्त निर्देशों के पालन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं नगर पुलिस अधीक्षक संजय चतुर्वेदी के द्वारा आज शहर शिवपुरी मे रक्षित निरीक्षक शिवपुरी, थाना प्रभारी यातायात, थाना प्रभारी कोतवाली, थाना प्रभारी देहात, थाना प्रभार फिजीकल एवं बल के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया । फ्लैग मार्च माधव चौक से शुरु होकर को मीट मार्केट, फिजीकल रोड़, नीलघर चौराहा, सुभाष चौक, काली माता मंदिर तिराहा, झांसी तिराहा, गुरुद्वारा चौराहा होते हुये माधव चौक पर समाप्त किया। इसी क्रम मे जिले के थानों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र मे फ्लैग मार्च निकालकर लोगों को समझाइस दी एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की गयी है।

# जल संसाधन विभाग मंत्री 9 एवं 10 जून को धौलपुर में

**धौलपुर ब्यूरो।** जल संसाधन विभाग मंत्री सुरेश सिंह रावत 9 जून को सायं 7.30 बजे धौलपुर आएगें। अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना ने बताया कि मंत्री सुरेश सिंह रावत द्वारा 10 जून को जिले के 7 कार्यो का लोकार्पण करेगें। उन्होंने बताया कि 10 जून को प्रातः 10.15 बजे इंटेक वेल धौलपुर लिफ्ट प्रोजेक्ट, 11.30 बजे उर्मिला सागर बांध, दोपहर 1.15 बजे नहर कोठी बसेड़ी, सायं 3.15 बजे बंध बरैठा का भ्रमण करेगें। इसके उपरान्त सायं 4.30 बजे जयपुर के लिए प्रस्थान करेगें। उन्होंने बताया कि सम्पूर्ण भ्रमण कार्यक्रम के दौरान तहसीलदार सरमथुरा, बाड़ी, धौलपुर, बसेड़ी को अपने-अपने क्षेत्र में प्रोटोकॉल अधिकारी तथा अधीक्षण अभियन्ता जल संसाधन विभाग को लाइजनिंग अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# देहात पुलिस ने नाबालिग अपहृता को 24 घंटे के भीतर सुरक्षित दस्तयाब किया




**शिवपुरी ब्यूरो।** देहात थाना पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत नाबालिग अपहृता को दीगर जिले से 24 घंटे के भीतर ही सुरक्षित किया है। टीआई रत्नेश सिंह यादव के अनुसार, 5 जून को फरियादी उम्र 42 साल नि. गौशाला थाना देहात शिवपुरी ने अपनी नाबालिक लडकी के गुमने की रिपोर्ट की जिस पर से थाना देहात जिला शिवपुरी पर अपराध क्र. 225/25 धारा 137(2) बीएनएस का कायम कर विवेचना मे लिया गया। ऑपरेशन मुस्कान के तहत महिला संबंधी व अत्यंत संवेदनशील होने से घटना की प्रकृति की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये थाना प्रभारी द्वारा तत्काल टीम तैयार कर अपहृता की दस्तयाबी हेतु रवाना किया गया टीम द्वारा 6 जून 25 अपहृता को दीगर जिले से दस्तयाब किया गया। उक्त कार्रवाई में निरी. रत्नेश सिंह, उनि सपना रावत, प्रआर. विनय सिह (मुख्य भूमिका), सुरेन्द्र दुबे, आर. पुष्पेन्द्र रावत, मिथुन कुशवाह, मनोज गौड़, राघवेन्द्र सिंह, मनोज कुमार, रनवीर शर्मा, महिला आर. सीतू सिंह, शिल्पी गुप्ता, गायत्री मुदगल एवं प्रआर सत्यवीर सिंह, आर सत्यम शर्मा थाना सिटी कोतवाली जिला मुरैना तथा सायवर सेल शिवपुरी की टीम की मुख्य भूमिका रही है।

# वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत पत्रकारों की जल संरक्षण स्थलों पर एक्सपोजर विजिट

## वंदे गंगा अभियान के तहत संजापुरी और भूतेश्वर एनीकट पर मीडिया एक्सपोजर जनसंपर्क विभाग द्वारा विजिट आयोजित, मीडिया एक्सपोजर विजिट में ग्रामीण जल संरचनाएं बनीं जल जागरूकता और संरक्षण का उदाहरण

**धौलपुर ब्यूरो।** मीडियाकर्मियों को जिले में विविध जल संरक्षण गतिविधियों की जानकारी की जानकारी देने हेतु शुक्रवार को वंदे गंगा जल संरक्षण जन सहभागिता अभियान के तहत धौलपुर में एक प्रभावी मीडिया एक्सपोजर विजिट का आयोजन किया गया। इस फील्ड विजिट का उद्देश्य जिले में जल संरक्षण की दिशा में किए जा रहे नवाचारों, संरचनात्मक विकास और जन सहभागिता को पत्रकारों के माध्यम से जन-जन तक पहुँचाना रहा। इस अवसर पर जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय के तत्वावधान में सहायक जनसंपर्क अधिकारी रोहित मित्तल के नेतृत्व में पत्रकारों के दल ने संजापुरी आश्रम एनीकट और भूतेश्वर एनीकट जैसे चयनित जल संरचनाओं का भ्रमण किया। संजापुरी एनीकट गाँवों की जीवनरेखा बरई ग्राम पंचायत में पार्वती नदी पर निर्मित संजापुरी आश्रम एनीकट अब सिर्फ एक जल संरचना नहीं, बल्कि सात ग्रामों की जीवनरेखा बन चुका है। लगभग 220 मीटर लंबाई और 2 मीटर ऊंचाई वाली यह संरचना 27.85 मिलियन क्यूबिक फीट जल भंडारण क्षमता रखती है। इस एनीकट के जल से न केवल आसपास के गाँव बरई, भगरीपुरा, अर्जुन का पुरा, बनौरा, कांकोर, कछपुरा व धीमरीमें भूजल स्तर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, बल्कि



यह जल-स्त्रोत पशु-पक्षियों के लिए भी अमूल्य बन गया है। भूतेश्वर एनीकट संरचना और समर्पण की मिसाल इसके पश्चात पत्रकारों ने भूतेश्वर एनीकट का भी अवलोकन किया, जहाँ जल संसाधन विभाग के सहायक अभियंता पूरन मंगल ने तकनीकी जानकारी और परियोजना की उपयोगिता से अवगत कराया।

**विजिट का उद्देश्य और संदेश**

सहायक जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि इस फील्ड विजिट का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण को लेकर समाज में जागरूकता बढ़ाना, जनसहभागिता को प्रेरित करना और मीडिया के माध्यम से जिले में हुए कार्यों को रेखांकित करना है। पत्रकारों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक और व्यावहारिक अनुभव बताया। यह मीडिया विजिट निश्चित ही जल संरक्षण के सामूहिक प्रयासों को नई दिशा और गति प्रदान करेगी।

# वंदे गंगा अभियान के तहत चिकित्सा संस्थानों पर चलाया गया सफाई अभियान



**धौलपुर ब्यूरो।** वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत जिले में विभिन्न स्तरों पर विभिन्न विभागों द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं वर्षा जल संग्रहण तथा स्वच्छता से सम्बन्धित कार्यक्रम क्रियान्वित किये जाने हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय सहित जिले के सभी चिकित्सा संस्थानों में श्रमदान और साफ सफाई का कार्य किया गया। सीएमएचओ डॉ. धर्म सिंह मीणा ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देश पर अभियान के तहत सभी चिकित्सा संस्थानों में विशेष अभियान चला कर सफाई कार्य किया गया। सफाई अभियान के दौरान सभी अधिकारी कर्मचारियों ने श्रमदान कर लम्बे समय से जमा कचरे का निस्तारण किया। उन्होंने कहा कि सफाई होने से कार्मिकों के साथ आमजन को भी साफ-सुथरा और सकारात्मक माहौल प्राप्त होगा। कार्यालयों और संस्थानों में स्वच्छता से कर्मचारियों का मनोबल ऊंचा होगा, वहीं आमजन को भी सकारात्मक संदेश जाएंगे। साथ ही संक्रमणों और बीमारियों से भी बचाव होगा। ब्लॉक और निचले स्तर पर भी आदेश जारी कर नियमित रूप से साफ सफाई रखने के निर्देश दिए गए है।

# सचिव ने जिला कारागृह का निरीक्षण कर, जाने बंदियों के हालात एवं दिए आवश्यक निर्देश



**धौलपुर ब्यूरो।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर द्वारा जारी दिशा निर्देशों एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सेशन न्यायाधीश अरुण कुमार अग्रवाल के निर्देशन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश रेखा यादव द्वारा जिला कारागृह धौलपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बंदियों को कारागृह में मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं जैसे भोजन, आवास, नाश्ता, स्वच्छ पेयजल, चिकित्सीय सुविधाओं व रसोईघर, बैरक इत्यादि का जायजा लिया। उन्होंने कारागृह में प्रत्येक बैरिक में निरूद्ध बंदियों से वार्ता कर उनके प्रकरणों में पैरवी हेतु अधिवक्ता के संबंध में जानकारी लेने पर 1 बंदी द्वारा उसकी ओर से अधिवक्ता न होने का कथन किया गया, जिस पर से उपस्थित एलएडीसी अधिवक्ता एवं जेल अधीक्षक को बंदी की ओर से विधिक सहायता का प्रार्थना पत्र तैयार करवा कर इस प्राधिकरण को भिजवाये जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने बंदियों से समस्याओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बंदियों से उनके अधिवक्ता एवं परिजनों से वार्ता के संबंध में पूछताछ करने पर 1 बंदी द्वारा अधिवक्ता से प्रकरण के संबंध में वार्ता कराने हेतु अनुरोध किया, जिसके संबंध में जेल अधीक्षक को, बंदी की उसके अधिवक्ता से वार्ता कराने हेतु निर्देश दिये। उन्होंने जेल में स्थित रसोई घर में पहुंचकर भोजन की गुणवत्ता का अवलोकन किया साथ ही खाना बनाने वाली नई मशीनों के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक निर्देश दिये। नालसा द्वारा प्रिजिन लीगल एड क्लिनिक के संबंध में जारी एसओपी में वर्णित दिशा-दिशा निर्देशों की पालना एवं आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये गये। इस मौके पर चीफ लीगल एड डिफेंस कॉउन्सिल अमित कम्ठान, डिप्टी चीफ एलएडीसी पप्पू सिंह गुर्जर, असिस्टेंट एलएडीसी मीता अग्रवाल, आराधना शर्मा, जेल क्लीनिक पर कार्यरत पीएलवी इन्द्रेश शर्मा, प्राधिकरण के कनिष्ठ सहायक सुरेंद्र सिंह, जेल अधीक्षक सुमन मीणा, शैलेन्द्र फौजदार सहित कारागृह का स्टॉफ एवं बंदी मौजूद रहे।

# सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी -सुमित मेहरड़ा

## जिला शांति एवं अहिंसा समिति की बैठक आयोजित, आगामी त्योहारों को लेकर की गई चर्चा



**धौलपुर ब्यूरो।** जिले में आपसी भाईचारे, सांप्रदायिक सौहार्द एवं सामाजिक समरसता को बनाए रखने के उद्देश्य से शुक्रवार को जिला शांति एवं अहिंसा समिति की बैठक पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में आगामी ईद-उल-जुहा, मोहर्रम आदि त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि जिले में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखना केवल प्रशासन या पुलिस का कार्य नहीं, बल्कि हर नागरिक की साझी जिम्मेदारी है। उन्होंने समिति सदस्यों से आग्रह किया कि वे अपने क्षेत्रों में सजग प्रहरी की भूमिका निभाएं और किसी भी प्रकार की अफवाह, भ्रामक जानकारी या धार्मिक-जातीय तनाव की आशंका हो, तो उसकी तुरंत जानकारी प्रशासन और पुलिस को दें। उन्होंने स्पष्ट किया कि आगामी पर्वो के दौरान गश्त में वृद्धि, संवेदनशील क्षेत्रों की विशेष निगरानी और सोशल मीडिया मॉनिटरिंग जैसे उपायों के माध्यम से पुलिस पूरी तरह सतर्क और सक्रिय रहेगी। धौलपुर जिले का शांतिपूर्ण इतिहास हमारी ताकत है, जिसे मिलकर और मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अपने स्तर पर शांति, सौहार्द और सद्भाव बनाए रखने के लिए प्रयास करना चाहिए। समिति के सदस्य जब भी किसी आयोजन, जुलूस या उत्सव में भाग लें, वहां सौहार्द बनाए रखने का वातावरण निर्मित करें। बैठक के दौरान समिति सदस्यों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों की स्थानीय स्थितियों से प्रशासन को अवगत कराया गया। सदस्यों ने त्योहारों के दौरान बिजली, साफ-सफाई, यातायात नियंत्रण और जलापूर्ति जैसी व्यवस्थाओं को लेकर भी सुझाव दिए।

# ''विश्व पर्यावरण दिवस'' के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प




**मुरैना,कांस।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के निर्देशन में संचालित विकसित कृषि संकल्प अभियान के दौरान 05 जून को ''विश्व पर्यावरण दिवस'' के अवसर पर पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन विकासखण्ड पोरसा, अम्बाह, मुरैना एवं कृषि विज्ञान केन्द्र, मुरैना पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष दिवस पर इस वर्ष की थीम ''प्लास्टिक प्रदूषण को हटाये'' अभियान पर केन्द्रित एक जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन ग्राम माता बसैया में किया गया। जिसमें वर्षा के मौसम में अधिकतम पौधों का रोपण करने और पौधे बचाने का संकल्प उपस्थित कृषकों को दिलाया गया। कार्यक्रम में कृषि विभाग के उप संचालक श्री पी.सी. पटेल, आंचलिक कृषि अनुसंधान केन्द्र के डॉ. संदीप सिंह तोमर, कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रमुख डॉ. प्रशांत कुमार गुप्ता, वैज्ञानिक डॉ. पीकेएस गुर्जर, डॉ. बीएस कसाना, ग्राम सरपंच श्री लायक सिंह गुर्जर एवं स्व-सहायता समूह, एफपीके सदस्यों सहित लगभग 50 प्रतिभागियों ने जागरूकता एवं वृक्षारोपण में भाग लिया।

**बड़फरा अम्बाह में ''विश्व पर्यावरण दिवस'' मनाया**

''विश्व पर्यावरण दिवस'' के अवसर पर प्रेरणा आजीविका संकुल बड़फरा में पौधरोपण कर मनाया गया। इस अवसर पर राज्य वित्त नियंत्रक सुश्री ललित गर्ग, एसडीएम अम्बाह श्री रामनिवास सिकरवार, जनपद सीईओ अम्बाह श्रीमती सुमन चक चौहान, जिला परियोजना प्रबंधक श्री दिनेश तोमर सहित विभिन्न समूहों की दीदियां उपस्थित थीं। समस्त उपस्थित लोगों ने वृक्षारोपण किया एवं मॉडल सीएलएफ प्रेरणा आजीविका संकुल स्तरीय संगठन पर लोक अधिकार केन्द्र एवं दीदी कैफे तहसील परिसर और दीदी कैफे जनपद परिसर का अवलोकन किया। राज्य कार्यालय एवं जिला कार्यालय से आये अधिकारियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी मौजूद थे।

# ईद का त्यौहार शांति व सदभावना से मनाएं-श्रीमती परमार



(चम्बलसुर्खी संवाददाता)

**सबलगढ़।** ईद का त्यौहार शांतिपूर्ण व सदभावना से मनाएं। यह बात सबलगढ़ थाना प्रभारी श्रीमती राजकुमारी परमार ने शुक्रवार को थाना परिसर में आयोजित शान्ति समिति की बैठक में कही।उन्होंने बैठक में मौजूद मुस्लिम समुदाय के गणमान्य व्यक्तियों से शहर में मनाए जाने वाले ईद के त्यौहार की जानकारी ली।टीआई श्रीमती परमार ने कहाकि शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस तैनात रहेगी। बैठक में शहर के अनेक गणमान्य नागरिक व पत्रकार मौजूद थे।

# क्रिकेट के फाइनल मैच में चोखपुरा टीम ने मूलचंदपुरा टीम को 47 रन से हराया

(चम्बलसुर्खी संवाददाता)



**सबलगढ़।** सबलगढ़ की ग्राम पंचायत बटेश्वरा में आयोजित क्रिकेट मैच के फाइनल में चोखपुरा टीम ने मूलचंदपुरा टीम को 47 रन से हराकर विजय प्राप्त की। सहायक सचिव ज्ञान सिंह केवट ने बताया कि चोखपुरा टीम के कप्तान कल्लू केवट व उपकप्तान रंजीत केवट ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की। रिंकू केवट ने 3 छक्के और 4 चौके लगाकर शानदार बैटिंग की 40 रन की पारी खेली और श्याम सिंह केवट ने 3 ओवर में 14 रन देकर 5 विकिट लिए। दोनों खिलाड़ियों को सहायक सचिव ज्ञान सिंह केवट द्वारा 551 रुपए का पुरस्कार एवं सम्मान किया दोनों खिलाड़ियों का फाइनल मैच में बहुत-बहुत योगदान रहा।विजयी टीम ने 15 ओवर में 104 रन बनाए।पराजित टीम ने इस लक्ष्य का पीछा किया किंतु 57 रन पर ऑलआउट हो गई।विजेताटीम को 7100 व उपविजेता टीम को 3100 रुपये का पुरस्कार दिया गया।

# ''विश्व पर्यावरण दिवस'' पर जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं पर पौधरोपण, शपथ आदि गतिविधियों का आयोजन किया, ''स्वच्छ पर्यावरण-स्वस्थ्य जीवन''

**मुरैना,कांस।** ''विश्व पर्यावरण दिवस'' 05 जून के अवसर पर जिले की समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं सिविल अस्पताल, आयुष्मान आरोग्य मंदिर शहरी स्वास्थ्य संस्थायें, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, उप स्वास्थ केन्द्र, मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक एवं जिला अस्पताल मुरैना में गतिविधियों को आयोजन किया गया। जिसमें सभी स्वास्थ्य संस्थाओं पर पौधा रोपण, शपथ ग्रहण कार्यक्रम, कार्यशाला, संगोष्ठी आदि गतिविधियों का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पदमेश उपाध्याय ने बताया कि ''विश्व पर्यावरण दिवस'' की इस वर्ष की थीम ''प्लास्टिक प्रदूषण'' को खत्म करने से संबंधित है। इसलिए सभी लोग सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करें। उन्होंने कहा कि प्रकृति की रक्षा करना केवल धरती को बचाना ही नहीं है, बल्कि मानव स्वास्थ की रक्षा भी है। स्वच्छ हवा, शुद्ध पेयजल और हरा-भरा पर्यावरण ये सभी हमारे शरीर और मन की सेहत के लिए आवश्यक है। ''विश्व पर्यावरण दिवस'' के अवसर पर सभी नागरिकों से अपील की है कि अपने-अपने घरों के आस-पास पेड लगायें और प्लास्टिक का उपयोग कम करें। स्वच्छता अपनाएँ, पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली अपनायें।

**जिला चिकित्सालय के प्रांगण में किया पौधरोपण**

इसी प्रकार सिविल सर्जन डॉ. गजेन्द्र सिंह तोमर के निर्देशानुसार ''विश्व पर्यावरण दिवस'' पर जिला चिकित्सालय के प्रांगण में पौधरोपण किया गया। इस असर पर आरएमओ डॉ. डीएस यादव, डिप्टी मीडिया ऑफिसर रामलली माहौर, सहायक प्रबंधक श्री रविन्द्र सिंह, नर्सिंग ऑफिसर लक्ष्मी निगम, ऊषा तोमर, हेमलता जादौन, रिजवाना बेग, गुड्डी राजपूत दीपा कौशल उपस्थित थीं। डॉ. डीएस यादव ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस हर साल 05 जून को पूरे विश्व में मनाया जाता है।

# समेकित प्रयासों से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में होगा सुधार : अपर कलेक्टर

## मुरैना में अनुगामी कार्यशाला का जिला स्तरीय शुभारंभ सम्पन्न



**मुरैना,कांस।** विकसित मध्यप्रदेश 2047 के क्रम में रोडमैप 2030 के लक्ष्यों की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए मातृ-शिशु संजीवन अभियान के अंतर्गत 'प्रोजेक्ट अनुगामी' हेतु मुरैना जिले में जिला स्तरीय प्रारंभिक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता अपर कलेक्टर श्री सी.बी. प्रसाद ने की। प्रदेश सरकार द्वारा विकसित मध्यप्रदेश 2047 के लक्ष्यों के अंतर्गत मातृ-शिशु संजीवन अभियान प्रारंभ किया गया है। इसके अंतर्गत प्रोजेक्ट अनुगामी विशेष रूप से जिले में मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) एवं शिशु मृत्यु दर (आईएमआर) को कम करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसका महत्वाकांक्षी लक्ष्य नवजात शिशु मृत्यु एवं मातृ मृत्यु को कम करना है। कार्यक्रम की शुरुआत अपर कलेक्टर श्री सी.बी. प्रसाद के द्वारा परंपरागत दीप प्रज्वलन से हुई, जिससे सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। इस दौरान विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण, संवहृदन और सतत विकास के प्रतीक पौधों को भेंटकर अतिथियों का स्वागत किया गया। अपर कलेक्टर श्री सी.बी. प्रसाद ने कहा कि अनुगामी एवं एनएमएफई पहल के माध्यम से मुरैना जिला मातृ एवं बाल स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार कर सकता है। सभी विभाग मिलकर ''एएए'' टीम को सशक्त बनाएं, ताकि उच्च जोखिम वाले मामलों की समय पर पहचान एवं उचित रेफरल संभव हो सके। कार्यशाला की सफलता सभी संबंधित विभागों की सक्रिय भागीदारी और सहयोगात्मक प्रयासों पर निर्भर करती है। इस कार्य के प्रति सभी अधिकारियों की प्रतिबद्धता मुरैना जिले में माताओं एवं नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य परिणामों के सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। शासन इस दिशा में पूरा सहयोग देगा। कार्यशाला की पृष्ठभूमि स्पष्ट करते हुए डॉ. शैली दत्ता ने बताया कि विकसित मध्यप्रदेश 2047 के क्रम में रोडमैप 2030 के क्रम में संचालक एन.एच.एम भोपाल के दिशा-निर्देश में प्रोजे़क्ट अनुगामी का पायलट मध्यप्रदेश के तीन जिलों छिन्दवाड़ा, बैतूल एवं बड़वानी में किया गया। पायलट के प्रमुख निष्कर्ष के आधार पर अन्तरा फाउंडेशन को प्रदेश के 08 जिलों में इसके क्रियान्वयन की अनुमति शासन से प्रदान की गयी। कार्यशाला में अन्तरा फाउंडेशन के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रुपिका एवं सुरम्या नायर ने प्रोजे़क्ट अनुगामी की रुपरेखा, उद्देश्य एवं रणनीति से समस्त ब्लॉक एवं जिला स्तरीय अधिकारियों को अवगत कराया। प्रोजे़क्ट अनुगामी का क्रियान्वयन तहत जिले के चार ब्लॉक के चयनित उप स्वास्थ्य केन्द्रों में प्रारंभिक तौर पर किया जायेगा। मुरैना (नूराबाद) एवं अम्बाह ब्लॉक के 11-11, पोरसा के 06 और पहाड़गढ़ के 05 स्वास्थ्य संस्था अर्थात जिले के कुल 33 स्वास्थ्य केन्द्र का चयन नवजात नवजात शिशु, एल.बी.डब्ल्यू., गर्भावस्था एनीमिया, गर्भकालीन वजन वृद्धि के आधार पर किया गया है। इस पहल के माध्यम से संस्था से गाँव स्तर पर कार्यरत आशा एवं आंगनवाडी कार्यकर्ता के मध्य रियल टाइम लिंकेज स्थापित किया जायेगा, जिसके माध्यम से ग्रामीण स्तर पर किसी भी प्रकार के जटिलता एवं प्राथमिकता वाले केस का उचित प्रबन्धन सुनिश्चित किया जायेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पदमेश उपाध्याय ने आह्वान किया कि ''एएए'' टीम को प्रशिक्षित कर फील्ड स्तर पर गुणवत्ता में सुधार लाया जाए। संस्थागत प्रसव दर बढ़ाई जाए तथा हाई-रिस्क केस प्रबंधन को प्राथमिकता दी जाए।

# बसंत बंसल को मिला बेस्ट परफॉर्मर अवार्ड



(चम्बलसुर्खी संवाददाता)

**सबलगढ़।** श्री राधे दाऊजी कृपा एनर्जी के ऑनर शहर के प्रतिष्ठित युवा व्यवसायी व समाजसेवी श्री बसंत बंसल को इंडियन ऑयल द्वारा वर्ष 2024-25 का बेस्ट परफॉर्मर अवार्ड प्रदान किया गया है। इंडियन ऑयल के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा श्री बंसल को समारोहपूर्वक अवार्ड दिया गया।श्री बंसल की इस उपलब्धि पर शहर के गणमान्य नागरिकों ने हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।

# जिले में हर गली मोहल्ले में खुलेआम चल रहे हैं, अवैध मेडिकल स्टोर

**बानमोर।** नगर में इन दिनों एक दर्जन से अधिक हर गली मोहल्लौ में खुली मेडिकल स्टोर की दुकानों पर 10 वर्ष से लेकर 15 वर्ष तक के नाबालिक बच्चे काम कर रहे हैं। यही नहीं कुछ स्थानों पर अनफ्रेंड लोग डॉक्टर के बिना पर्चा के ही के ही कुछ जगह पर मनमानी रेट में दवाएं बेच रहे हैं। अगर इन मेडिकल स्टोर की जांच की जाए तो इनमें 60त्न दुकानदार तो ऐसे ही मिलेंगे जिन पर मेडिकल दुकान चलाने का लाइसेंस तक नहीं है। और यदि लाइसेंस भी है तो किसी अन्य व्यक्ति के नाम से है और चला कोई अन्य व्यक्ति रहा है। ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा इस और कार्यवाही करना तो दूर मेडिकल स्टोरौ को चेक करने तक नहीं आते हैं। मेडिकल संचालकौ द्वारा ग्राहकों को दवा देने के बाद बिल भी नहीं दिया जा रहा है। कारण यह है कि दुकानदार ग्राहकों से दवा के एवज में मनमानी कीमत वसूल रहे हैं सस्ती दवा महंगे दाम पर बेच रहे हैं मेडिकल संचालक ग्राहक को इसीलिए बिल नहीं देते हैं क्योंकि इन्हें शासन को जीएसटी नहीं देनी पड़ेगी संचालक सस्ती दवाई महंगे दाम पर बेच रहे हैं बिल देने पर यह संभव नहीं होगा। हैरानी की बात तो यह है कि बानमोर कस्बे में जितने भी निजी क्लीनिक है वे सभी अपना-अपना स्वयं का निजी मेडिकल स्टोर संचालित किए हैं। इनमें से ज्यादातर लोगों के पास स्वयं का लाइसेंस नहीं है। इस मामले में सीएमएचओ मुरैना का कहना है कि ड्रग इंस्पेक्टर को नियमित मेडिकल स्टोर चेक करने के निर्देश हैं।

# खेल और युवा कल्याण विभाग की महत्वकांक्षी योजना

## पार्थ योजना के तहत युवाओं को निःशुल्क शारीरिक परीक्षा की तैयारी हेतु रजिस्ट्रेशन प्रारंभ

**मुरैना,कांस।** मध्यप्रदेश शासन खेल और युवा कल्याण विभाग भोपाल के निर्देशानुसार युवाओं को खेल और रोजगार से जोड़ने की दिशा में पार्थ योजना आरंभ की गई है। पार्थ योजना के पुलिस, आर्मी, रिफ्रूटमेंट ट्रेनिंग और हुनर योजना 2025 अंतर्गत प्रथम चरण में प्रदेश के 10 संभागीय मुख्यालयों पर प्रारंभ की जाना है जिसमें चम्बल संभाग को सम्मिलित किया गया है। योजना खिलाड़ी प्रशिक्षक कल्याण समिति के माध्यम से संचालित की जाना है। योजना के अन्तर्गत पुलिस, आर्मी और अर्द्ध सैनिक बल में भर्ती हेतु शारीरिक परीक्षा की निःशुल्क तैयारी करवाई जाती है। इच्छुक युवक एवं युवतियों से अनुरोध है कि वे शासन की महत्वकांक्षी योजना पार्थ 2025 के अंतर्गत निःशुल्क शारीरिक परीक्षा की तैयारी करना चाहते है तो संभागीय खेल और युवा कल्याण अधिकारी डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम मुरैना पर जिला एथलेटिक्स प्रशिक्षक श्री नरेन्द्र सिंह तोमर के मोबाइल नम्बर 7974480880, संविदा ग्रामीण युवा समन्वयक ब्लॉक मुरैना श्री जितेन्द्र कुमार शुक्ला के मोबाइल नंबर 9301065512 से कार्यालयीन समय में सम्पर्क कर रजिस्ट्रेशन करा सकते है। जिला मुख्यालय के अतिरिक्त ब्लॉक स्तर पर निवासरत युवा वर्ग भी अपना रजिस्ट्रेशन निःशुल्क शारीरिक परीक्षा की तैयारी हेतु करा सकते है। इसके लिये रहने, खाने एवं आने जाने पर होने वाला व्यय स्वयं प्रतिभागी, आवेदक को स्वयं वहन करना होगा।

# बीरपुर में हुई शांति समिति की बैठक



(चम्बलसुर्खी संवाददाता)

**बीरपुर।** वीरपुर थाना परिसर में ईद एवं आगामी त्यौहारों को लेकर गुरुवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें नरेश कुमार रायपुरिया तहसीलदार व राजन सिंह गुर्जर टी आई मौजूद रहे। नगर के पत्रकार साथियों में गिर्राज गर्ग पवन चतुर्वेदी मुकेश गुर्जर नरेश बंसल संतोष गुप्ता आशुतोष चतुर्वेदी मुनव्वर खान वरिष्ठ श्रीनिवास मंगल राम प्रकाश सिकरवार नागेंद्र मोहन सिंगला मदन मोहन योगी जगदीश बंसल सरपंच शरीफ खान रामकुमार मंगल सतीश बंसल सुभाष बंसल चंद ठाकुर भगत सिंह जादौन उत्तम सिंह जादौन उपस्थित रहे। नरेश कुमार रायपुरिया तहसीलदार ने सभी से अनुरोध किया ईद जैसे त्यौहार को सब मिलकर भाईचारे के साथ मनाएं। राजन सिंह गुर्जर टी आई ने सभी से अपील की बाजार में ट्रैफिक व्यवस्था बनाने में व्यापारी सहयोग करें।



# समाजसेवी रामनाथ सिंह यादव का दुखद निधन

**मुरैना,कांस।** नगर निगम के वार्ड 9 जौरा खुर्द के वयोवृद्ध 95 वर्षीय समाजसेवी श्री रामनाथ सिंह यादव का विगत गुरूवार को स्वर्गवास हो गया। स्व. श्री यादव अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन की खबर जैसे ही उनके रिश्तेदारों, इष्ट मित्रों आदि को लगी तो उनके निवास पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। उनकी शव यात्रा निज निवास जौरा खुर्द से महाराजपुर स्थित बिजली घर के पास उनकी भूमि पर ले जाया गया जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया अंतिम संस्कार में उन्हें मुखानी उनके जेष्ठ पुत्र द्वारा दी गई। उनकी अंतिम यात्रा में सैकड़ों गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया तथा अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# मुरैना निवासी सौरभ सिंह राठौर बने भारतीय थल सेना में आधेकारी की सीडीएस परीक्षा में सफलता प्राप्त।



**मुरैना,कांस।** बड़ोखर वाली माता गांव बिररुआ के निवासी सौरभ सिंह राठौर पुत्र बलवीर सिंह राठौर, रामप्रकाश राठौर के भारतीय थल सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर चयनित हुए हैं राठौर ने सीडीएस परीक्षा में 51 वीं रेंक प्राप्त की है, उनकी सफलता पर रिश्तेदारों, समाज के सदस्यों में हर्ष व्याप्त है इस अवसर पर उनके रिश्तेदार और समाज के लोगों ने बड़ोखर वाली माता के सामने राम श्री गार्डन में सम्मान किया।

# विजयपुर नगर परिषद ने कराया पौधारोपण



(चम्बलसुर्खी संवाददाता)

**विजयपुर।** नगरपरिषद विजयपुर द्वारा स्व सहायता समूहौ की महिलाओं से पर्यावरण पौध रोपण कराया गया। शासनादेश के परिपालन मैं किये गए पौधरोपण कार्यक्रम में नगरपरिषद अध्यक्ष कमलेश कुशबाह,सीएमओ प्रदीप कुमार शर्मा ,उपमंत्री महेंद्र गर्ग ,पर्यावरण प्रभारी भरत शर्मा जितेंद्र उपाध्याय , उपाध्यक्ष सुभाष शर्मा सहित नगरपरिषद के पार्षद मौजूद रहे।खण्डेराय महिला स्व सहायता समूह व रनसींग बाबा स्व सहायता समूह की महिलाओं ने पर्यावरण के तहत पौध रोपण किया तथा समूह की महिलाओं के साथ अनसुईया शर्मा भी उपस्थित रही।समूहों की महिलाओं ने संकल्प लिया कि हम अपने धर गली मोहल्लों में भी एक पेड़ मां के नाम पर पौधारोपण का कार्य शुरू करैगी।

# मुशिलम त्यौहार ईद के चलते शांति समिति की मीटिंग संपन्न



**मेहगांव।** मेहगांव थाना परिसर मे शांति समिति का आयोजन रखा गया कार्यक्रम मे मुख्य रूप से थाना प्रभारी महेश शर्मा व्दारा कस्वे सहित क्षेत्र की विंदु वार जानकारी से अवगत कराते हुऐ ईद के त्योहार को आपसी भाईचारे सदभावना के साथ मनाने का आव्हान किया, अन्यथा की स्थिति मे कानूनी कार्यवाही से बचने की बात कही, उपस्थित कस्वे के गणमान्य नागरिकों ने अपनी अपनी बात रखी जिसमे तीन जगह कस्वे के अंदर ईद की नमाज अदा की जाऐगी एंव ग्रामीण क्षेत्र मे सोनी गांव बरहद, विरगवां गांव मे मुख्य रूप से ईद की नमाज अदा होगी, पुलिस प्रशासन मुस्तेदी के साथ त्योहारों पर सुरक्षा हेतु तत्पर रहेगा, साथ ही थाना प्रभारी व्दारा व्यापार मंडल को लेकर चर्चा की जिसमे सभी व्यापारी अपने अपने स्तर पर कैमरे लगाने मे सहयोगी बने जिससे कभी कभार किसी घटना दुर्घटना के समय पुलिस प्रशासन घटना की सच्चाई का पता लगाने मे और अपराधियों को पकडने मे बिना किसी बिलंब के सफल हो, शांति समिति की मीटिंग मे भाग लेने बालो मे शहर काजी सईद अहमद, इलियास खांन एडबोकेट, काजी गुलमुहम्मद कादरी, सगीर खांन, असफाक खांन, नूर खांन सूवेदार एन के मिर्जा,पत्रकार महेश मिश्रा पुरुषोत्तम राजौरिया दिनेश चौधरी जयदीप जादोंन उपस्थित रहे।

# ग्वालियर-भिंड रेलखंड पर वृहद स्तर पर टिकट जांच अभियान

**ग्वालियर।** ग्वालियर-भिंड रेलखंड पर बिना टिकट यात्रियों की रोकथाम एवं रेल यात्रा को अधिक अनुशासित एवं सुव्यवस्थित बनाने हेतु एक वृहद स्तर का टिकट जांच अभियान चलाया गया। यह अभियान मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री अमन वर्मा के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस विशेष जांच अभियान में टिकट चेकिंग स्टाफ एवं रेल सुरक्षा बल की टीमों द्वारा रेलखंड के सभी स्टेशनों पर गहनता से जांच की गई। इसके अंतर्गत न केवल ट्रेनों में यात्रियों की जांच की गई, बल्कि स्टेशनों के यात्री प्रतीक्षालयों एवं खानपान स्टालों की भी बारीकी से निगरानी की गई। अभियान की व्यापकता को देखते हुए स्टेशनों पर टिकट बुकिंग काउंटरों पर यात्रियों की कतारें देखी गई, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि यात्रियों में टिकट लेकर यात्रा करने की जागरूकता बढ़ी है। इस अभियान के दौरान बिना टिकट यात्रा, अनियमित यात्रा तथा सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने जैसे मामलों में 60 यात्री पकडे गए यात्रियों से नियमानुसार रु. 17155/- जुर्माना स्वरुप रेल राजस्व वसूल किया गया। इस अभियान की सफलता में सहायक वाणिज्य प्रबंधक श्री आर के वर्मा, मुख्य वाणिज्य निरीक्षक श्री रूप सिंह मीना, रेल सुरक्षा बल कर्मी, टिकट निरीक्षक मुकुल कुमार राजोरिया, श्री कृष्ण, धर्मराज मीना सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहे। झाँसी मंडल द्वारा इस प्रकार के अभियानों को आगे भी नियमित रूप से जारी रखने का संकल्प लिया गया है, जिससे यात्रियों को सुरक्षित, सुविधाजनक एवं अनुशासित रेल सेवा प्रदान की जा सके।

# कार्य में लापरवाही पर पटवारी को किया निलंबित और एक पटवारी को नोटिस जारी

**शिवपुरी।** अपर कलेक्टर दिनेश चंद्र शुक्ला ने शुक्रवार को कोलारस अनु विभाग में राजस्व विभाग की समीक्षा की। कोलारस आईटीआई कॉलेज में आयोजित बैठक में समस्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक और पटवारी उपस्थित रहे। बैठक में फार्मर रजिस्ट्री, आधार लिंकिंग, स्वामित्व योजना और ई केवाईसी संबंधी कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। अपर कलेक्टर दिनेश शुक्ला ने समीक्षा के दौरान एक एक कर पटवारियों से समीक्षा की। जिन पटवारी की काम प्रगति थी उन्हें निर्देश भी दिए। उन्होंने समस्त तहसीलदार और नायब तहसीलदार को भी लगातार समीक्षा कर राजस्व संबंधी कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए हैं।बैठक में समीक्षा के दौरान तहसील रन्नौद पटवारी हल्का नंबर 102 सुनाज के पटवारी मृगेंद्र सिंह राजपूत के कार्य में काम प्रगति देखते हुए नाराजगी व्यक्त की। एसडीएम कोलारस अनूप श्रीवास्तव ने बताया कि पटवारी मृगेंद्र सिंह राजपूत को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। इसके अलावा पटवारी हल्का नंबर 103 ढकरोरा के पटवारी अभिषेक सोनवंशी को नोटिस जारी किया गया है।

# मुख्यमंत्री बावड़ी उत्सव में चिंतामण गणेश मंदिर परिसर स्थित लक्ष्मण बावड़ी से सम्मिलित हुए

## एक पेड़ मां के नाम अभियान में चिंतामण गणेश मंदिर परिसर में सिंदूर के पौधे का रोपण किया

### बूंद सहेजे बावड़ी पुस्तक का किया विमोचन

भोपाल



**जल गंगा संवर्धन अभियान**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जल गंगा संवर्धन अभियान में श्री चिंतामण गणेश मंदिर परिसर स्थित लक्ष्मण बावड़ी से बावड़ी उत्सव में शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने %बूंद सहेजे बावड़ी% पुस्तक का विमोचन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने %एक पेड़ मां के नाम अभियान% में चिंतामण गणेश मंदिर परिसर में सिंदूर के पौधे का रोपण किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्री चिंतामण गणेश के आशीर्वाद से देश-प्रदेश विकास की नई ऊंचाईयाँ छू रहा है। उज्जैन में आयोजित की गई वेलनेस समिट में हजारों करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। उज्जैन देश-विदेश के लिए मानसिक शांति, आध्यात्म, वेलनेस केयर का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ-2028 दृष्टिगत श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए उज्जैन-इंदौर नवीन फोरलेन पर भी कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चिंतामण गणेश रेलवे स्टेशन का उन्नयन भी किया जाएगा। मां क्षिप्रा को कान्ह क्लोज़ डक्ट परियोजना और सेवारखेड़ी सिलारखेड़ी परियोजना से स्वच्छ, निर्मल और प्रवाहमान किया जा रहा है। इससे सिंहस्थ स्नान मां क्षिप्रा के स्वच्छ जल से हो होगा। देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए नवीन क्षिप्रा घाटों का निर्माण किया जा रहा है। सभी सुविधा श्रद्धालुओं को सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है जिसमें प्रदेश में जल संरक्षण का संदेश, जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार और भू-जल स्तर में सुधार पर कार्य कर जल की एक-एक बूंद को संरक्षित करने के उपाय किये गये हैं।

### बावड़ी-उत्सव

जन अभियान परिषद द्वारा बताया गया कि बावड़ी उत्सव में बावड़ियों के स्थल की जन सहभागिता से जीर्णोद्धार, प्रकाश, साफ सफाई, साज-सज्जा, जल आने के मार्गो को खोलकर जल संरचनाओं को नव जीवन प्रदान किया जा रहा है। जीर्णोद्धार के बाद बावड़ी उत्सव अंतर्गत बावड़ी का परंपरागत पूजन भी किया जा रहा है और जलस्त्रोत संरक्षण केन्द्रित संदेश अथवा बावड़ी के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, सामाजिक महत्व के बारे में जानकारी देकर, जल संचय का संदेश दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में संपूर्ण अभियान में परिषद के प्रयासों से 36 लाख 34 हजार से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित हुई है। परिषद् द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान में 2139 बावड़ी सफाई, 4254 तालाब सफाई, 3468 नदी घाट सफाई,15913 जल संगोष्ठी,1677 नुक्कड़ नाटक, दीवार लेखन के कार्य किए गए है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने बावड़ी उत्सव में लक्ष्मण बावड़ी का पूजन किया। कार्यक्रम का संचालन श्री पीयूष त्रिपाठी ने किया और आभार संभाग समन्वयक श्री शिवप्रसाद मालवीय ने किया।

# गुरु ही जीवन की दिशा तय करते है : मुख्यमंत्री

### लोकमान्य तिलक शिक्षण समिति के अभिनंदन समारोह में हुए शामिल



भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव शुक्रवार को लोकमान्य तिलक शिक्षण समिति के अभिनंदन कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि लोकमान्य तिलक विद्यालय परिसर में भविष्य के विकास का संकल्प निर्मित हुआ है। ये परिसर राष्ट्रवादी विचारों का जीवंत केंद्र है। मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालयों में कुलपति के स्थान पर कुलगुरु संबोधित किए जाने पर कहा कि गुरु शब्द अंधेरे से प्रकाश को जोड़ता है। माता-पिता के बाद गुरु ही जीवन की दिशा तय करते हैं। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में लोटी स्कूल से जुड़े अपने विद्यार्थी परिषद के समय के अनुभव भी साझा किए।

विधायक श्री अनिल जैन कालुहेड़ा एवं अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे। कार्यक्रम में स्वागत भाषण श्री किशोर खंडेलवाल ने दिया। मुख्यमंत्री ने मेधावी छात्रों को पुरस्कार प्रदान किये। श्री खंडेलवाल ने बताया कि यह कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष शिक्षकों के उन्नयन के लिए 3 दिवसीय अभ्यास वर्ग के चलते आयोजित किया जाता है। इसमें अलग-अलग विषय होते हैं। कार्यकम में विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कार्यक्रम में 10वीं में टॉपर 3 छात्र, छात्राओं एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता मल्लखम्भ खेल में मैडल हासिल करने वाले 4 खिलाड़ी छात्र, छात्राओं का सम्मान किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष श्री किशोर खंडेलवाल, सचिव श्री विश्वनाथ सोमन और श्री गिरीश भालेराव ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

### आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई: 18 शराब दुकानों पर कार्रवाई कर 19 प्रकरण दर्ज

इन्दौर

जिले में शराब का अवैध रूप से क्रय-विक्रय, परिवहन तथा भंडारण करने वालों के विरूद्ध कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देशन में आबकारी विभाग के द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर श्री आशीष ने निर्देश दिए हैं कि जिले में मदिरा विक्रय नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। नियमित निगरानी और नियंत्रण शासन की प्राथमिकता के साथ की जाये।

### उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने किया देव श्री फ़िल्म एंड टीवी इंस्टिट्यूट के कार्यालय का शुभारंभ

भोपाल



उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने देव श्री फ़िल्म एंड टीवी इंस्टिट्यूट के भोपाल कार्यालय का उद्घाटन किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने संस्थान की स्थापना को स्थानीय प्रतिभाओं के प्रोत्साहन और क्षेत्रीय संस्कृति के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश, विशेष रूप से भोपाल और उसके आस-पास के अंचल में कला, संगीत, अभिनय, निर्देशन और तकनीकी दक्षता से परिपूर्ण प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता है तो उन्हें उचित मंच देने की। उन्होंने कहा कि देव श्री फ़िल्म एंड इंस्टिट्यूट इस दिशा में एक सशक्त भूमिका निभा सकता है।

# स्वास्थ्य सेवाओं को पटरी पर लाने की मुहिम: जिलाधिकारी के निर्देश

## सभी तहसील मुख्यालयों की सीएचसी का औचक निरीक्षण

अलीगढ़,ब्यूरो।



जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ एवं जनसामान्य के अनुकूल बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी संजीव रंजन के निर्देश पर सभी तहसील मुख्यालयों पर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का संबंधित एसडीएम द्वारा औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान कई केंद्रों पर डॉक्टरों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की उपस्थिति, ओपीडी की स्थिति, दवा वितरण, साफ-सफाई एवं मरीजों की सुविधा संबंधी व्यवस्थाओं की गहन पड़ताल की गई। निरीक्षण में पाई गई कमियों पर नाराजगी जताते हुए जिलाधिकारी ने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए व्यवस्था में त्वरित सुधार करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकारी अस्पतालों को जनविश्वास का केंद्र बनाना प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने सीएचसी स्तर पर मूलभूत चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने, समयबद्ध सेवाएं देने तथा साफ-सफाई बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। जिलाधिकारी के इस निर्देश को स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार की ठोस पहल के रूप में देखा जा रहा है, जिससे आमजन को बेहतर उपचार और सम्मानजनक स्वास्थ्य सेवा मिल सके। इगलास्-सीएससी इगलास के निरीक्षण में पाया गया कि संविदा चिकित्सक अनुपस्थिति हैं। औषधि स्टॉक रजिस्टर भी अद्यतन नहीं मिला। खैर- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैर में चार चिकित्सकों के सापेक्ष दो चिकित्सक अनुपस्थित मिले। परिसर में स्थापित ऑक्सीजन प्लांट भी संचालित नहीं था। अतरौली- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अतरौली में 8:30 बजे तक प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एवं अन्य चिकित्सक स्वास्थ्य केंद्र नहीं पहुंचे थे। औषधि भंडार कक्ष में निरीक्षण के दौरान विभिन्न प्रकार की अनियमिताएं पाई गई। स्टॉक पंजिका भी अद्यतन नहीं मिली। पैथोलॉजी भी बंद पाई गई।

गभाना-सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गभाना के निरीक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एवं अन्य चिकित्सक निरीक्षण के दौरान नहीं मिले। सीएचसी पर एक्सरे एवं अन्य प्रकार की जांच की सुविधा नहीं है। औषधियों की आवक, प्रयोग और अवशेष का कोई समुचित रखरखाव न होने के कारण सत्यापन नहीं हो सका। लोधा-एसडीएम कोल महिमा राजपूत द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोधा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी 9:00 बजे तक अनुपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को चेतावनी दी है कि वह समय से चिकित्सालय पहुँच व्यवस्थाओं में सुधार लाएं और जनसामान्य को समुचित चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराएं।






## उत्तर मध्य रेलवे

**फाइल स.:** सी/झाँसी/341/एस.टी.बी.ए./पी.ए.

**विज्ञापन संख्याः** 03/NSG-4, NSG-5 & NSG-6/2025 **दिनाँकः** 03.06.2025

**स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट की नियुक्ति हेतु विज्ञापन**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, झाँसी भारत के राष्ट्रपति की ओर से झाँसी मण्डल के अंतर्गत निम्नलिखित 'एन.एस.जी.-4, एन.एस.जी.-5 & एन.एस.जी.-6' श्रेणी के **46 स्टेशनों** पर कम्प्युटरीकृत अनारक्षित टिकट प्रणाली (यूटीएस) द्वारा अनारक्षित रेल टिकटों को बेचने हेतु कमीशन के आधार पर प्रत्येक स्टेशन पर एक स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट (एस.टी.बी.ए.) के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं :-

| क्र.सं. | स्टेशन का नाम | स्टेशन कोड | श्रेणी | रिक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | दतिया | DAA | NSG-4 | 1 |
| 2 | डबरा | DBA | NSG-4 | 1 |
| 3 | उरई | ORAI | NSG-4 | 2 |
| 4 | ईशानगर | ISHN | NSG-5 | 1 |
| 5 | निवाड़ी | NEW | NSG-5 | 1 |
| 6 | पुखरायां | PHN | NSG-5 | 2 |
| 7 | खरगापुर | KHGP | NSG-5 | 2 |
| 8 | टीकमगढ़ | TKMG | NSG-5 | 1 |
| 9 | आटा | ATA | NSG-6 | 1 |
| 10 | भरतकूप | BTKP | NSG-6 | 1 |
| 11 | चौंराह | CNH | NSG-6 | 1 |
| 12 | जौरा अलापुर | JPO | NSG-6 | 1 |
| 13 | जाखलौन | JLN | NSG-6 | 1 |
| 14 | खैरार जंक्शन | KID | NSG-6 | 1 |
| 15 | खोह | KHOH | NSG-6 | 1 |
| 16 | मालनपुर | MLAR | NSG-6 | 1 |
| 17 | पामां | PMN | NSG-6 | 1 |
| 18 | पतारा | PTRE | NSG-6 | 1 |
| 19 | आगासोद | AGD | NSG-6 | 1 |
| 20 | अनंत पेठ | AEH | NSG-6 | 1 |
| 21 | आंतरी | ARI | NSG-6 | 1 |
| 22 | भुआ | BHUA | NSG-6 | 1 |
| 23 | बिजौली | BJI | NSG-6 | 1 |
| 24 | बिजरोठा | BJA | NSG-6 | 1 |
| 25 | बुडपुरा | BPW | NSG-6 | 1 |
| 26 | बरीपुरा | BPRA | NSG-6 | 1 |
| 27 | चरखारी | CRC | NSG-6 | 1 |
| 28 | चितहरी | CHIT | NSG-6 | 1 |
| 29 | डिगवाही | DWI | NSG-6 | 1 |
| 30 | घुटई | GTI | NSG-6 | 1 |
| 31 | हेतमपुर | HET | NSG-6 | 1 |
| 32 | करारी | KRQ | NSG-6 | 1 |
| 33 | करोंदा | KOA | NSG-6 | 1 |
| 34 | माताटीला | MZX | NSG-6 | 1 |
| 35 | मलासा | MLS | NSG-6 | 1 |
| 36 | नन्दखास | NDK | NSG-6 | 1 |
| 37 | परौना | PRN | NSG-6 | 1 |
| 38 | रसूलपुर गोगामऊ | RPGU | NSG-6 | 1 |
| 39 | सांक | SANK | NSG-6 | 1 |
| 40 | सरसोकी | SSKI | NSG-6 | 1 |
| 41 | सिकरौदा कंवारी | SIKD | NSG-6 | 1 |
| 42 | सिथौली | STLI | NSG-6 | 1 |
| 43 | ऊसरगांव | URG | NSG-6 | 1 |
| 44 | दरियागंज | DAYG | NSG-6 | 1 |
| 45 | बामोर गाँव | BMZ | NSG-6 | 1 |
| 46 | दैलवारा | DWA | NSG-6 | 1 |
| कुल एन.एस.जी.-4, एन.एस.जी.-5 एवं एन.एस.जी.-6 श्रेणी स्टेशन = 46 | | | | |

**टिप्पणी-** उक्त सारणी में अंकित स्टेशनों पर प्रस्तावित कार्य घंटे (शिफ्ट) क्रम संख्या 01 से 05 तक 08 hrs, क्रम संख्या 06 से 08 तक 12 hrs, और क्रम संख्या 09 से 46 तक Round the clock (24 hrs) है। आवेदन का एक मानक प्रोफार्मा निर्धारित है । उम्मीदवार आवेदन फ़ार्म सभी नियमों व शर्तों के साथ रु.1180/- (एक हज़ार एक सौ अस्सी मात्र) रेलवे बुकिंग कार्यालय द्वारा जारी मनी रसीद जमा कर वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, झाँसी के कार्यालय से दिनाँक **01.07.2025** से किसी भी कार्य दिवस में **सुबह 10.00 बजे से शाम 5.00 बजे** तक प्राप्त कर सकते हैं। सभी नियम व शर्तों के साथ आवेदनकर्ता उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाईट **www.ncr.indianrailways.gov.in** से डाउन लोड कर आवेदन फार्म प्रयोग कर सकते हैं, इसके लिए उन्हें आवेदन फ़ार्म का मूल्य रु. 1180/- (रु. एक हजार एक सौ अस्सी मात्र) एवं वापसी योग्य बयाना राशि NSG-4 के लिये रु.10000/- (रु. दस हजार मात्र), NSG-5 के लिये रु.5000/- (रु. पाच हजार मात्र) और NSG-6 के लिये रु. 2000/- (रु. दो हजार मात्र) की डिमाण्ड ड्राफ्ट जो कि राष्ट्रीयकृत/अधिसूचित बैंक द्वारा जारी किया गया हो / मनी रसीद (रेलवे बुकिंग कार्यालय के द्वारा जारी) के रूप में **वरिष्ठ मण्डल वित्त प्रबन्धक, उत्तर मध्य रेलवे, झाँसी** के पक्ष में भुगतान योग्य हो संलग्न करना होगा। डाउनलोडेड आवेदन फ़ार्म निर्धारित मूल्य के बिना प्राप्त होने पर आवेदन को निरस्त कर दिया जायेगा। आवेदन पत्र **दिनांक- 02.07.2025** को **समय 15.00 बजे** तक सील बंद लिफाफे जिस पर आवेदक का नाम, पता तथा स्टेशन का नाम लिखा हो, वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, झाँसी के कार्यालय में सील बंद पेटिका में डाले जायेंगे। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। आवेदन पत्रों का सील बॉक्स **दिनांक 02.07.2025** को **समय 15.30 बजे** वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, झाँसी के कार्यालय में खोला जायेगा। आवेदक यदि चाहे तो सील बॉक्स खोलते समय उपस्थित रह सकते हैं।


**मण्डल रेल प्रबंधक (वा.)**
**उत्तर मध्य रेल, झाँसी**

**981/25(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

# राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष ने रायपुर प्रवास के दौरान बीपीओ का लिया जायजा

रायपुर,कासं.।



राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती विजया रहाटकर ने अपने रायपुर प्रवास के दौरान कलेक्टोरेट के समीप मल्टीलेवल पार्किंग में संचालित बीपीओ (बिजनेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग) केंद्र पहुंची। उन्होंने बीपीओ में संचालित कार्य प्रणाली को देखा, समझा और उसकी सराहना की।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने दंतेवाड़ा जिले के गीदम से आकर यहां कार्यरत सुश्री निधि पूर्ति से विशेष रूप से बातचीत की। श्रीमती राहटकर ने कहा, आप एक छोटे से गांव से आकर राजधानी में बेहतरीन कार्य कर रही हैं। आप अपने गांव की अन्य लड़कियों के लिए प्रेरणास्त्रोत होंगी।

इस अवसर पर राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य श्रीमती ममता कुमारी, बिलासपुर की महापौर श्रीमती पूजा विधानी, राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती हर्षिता पांडे, श्रीमती विभा राव, राज्य महिला आयोग के सदस्यगण, रायपुर संभागायुक्त श्री महादेव कावरे, कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उम्मेद सिंह, डीपीओ सुश्री शैल ठाकुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।






स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक रामविलास शर्मा द्वारा चम्बल प्रिंटिंग प्रेस इण्डस्ट्रीज एरिया बानमोर से मुद्रित व एस 12 द्वितीय तल रायल प्लाजा पुराने हाईकोर्ट के सामने ग्वालियर से प्रकाशित । प्रधान संपादक रामविलास शर्मा मोबा.- 9329077393
email-chambalsurkhi@yahoo.com आर.एन.आई. पंजीयन नं MPHIN/2007/20705 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना रहेगा। कानूनी सलाहकार युवराज कुलश्रेष्ठ एडवोकेट मो.9229842150 फोन- (07532)- 225779,9827679954